उज्जैन
शुक्रवार
03
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-149
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



क्वीन 2 में कंगना रनोट नजर आएंगी अप्रैल के आखिर तक शुरू होगी शूटिंग



## ट्रम्प ने अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को पद से हटाया, एपस्टीन फाइलें ठीक नहीं संभालने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने देश की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को उनके पद से हटा दिया है। मीडिया



रिपोर्ट्स के मुताबिक कि यह फैसला जेफ्री एपस्टीन केस से जुड़ी फाइलों को संभालने के तरीके को लेकर लिया गया। ट्रम्प प्रशासन को लगा कि एपस्टीन मामले की जांच और उससे जुड़े दस्तावेजों को ठीक से हैंडल नहीं किया गया। इसी वजह से ट्रम्प नाराज थे और उन्होंने सख्त कदम उठाते हुए बॉन्डी को पद से हटा दिया। जेफ्री एपस्टीन न्यूयॉर्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा।

## माउंट एवरेस्ट पर 165 करोड़ का सनसनीखेज इंश्योरेंस घोटाला

**काठमांडू।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट से जुड़ा एक चौंकाने वाला घोटाला सामने आया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हड़कंप मचा दिया है। नेपाल पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि एक संगठित गिरोह विदेशी ट्रैकर्स और पर्वतारोहियों को जानबूझकर बीमार बनाकर करोड़ों रुपये का फर्जी इंश्योरेंस क्लेम वसूल रहा था। इस पूरे मामले में करीब 20 मिलियन डॉलर यानी लगभग 165 करोड़ रुपये के घोटाले का खुलासा हुआ है, जिसमें ट्रैकिंग गाइड, हेलीकॉप्टर ऑपरेटर और अस्पतालों की मिलीभगत सामने आई है। जांच एजेंसियों के अनुसार यह गिरोह बेहद सुनियोजित और खतरनाक तरीके से काम करता था। ट्रैकिंग के दौरान गाइड पर्यटकों के खाने में जानबूझकर बेकिंग सोडा जैसी चीजें मिला देते थे, जिससे पर्यटकों की तबीयत बिगड़ने लगती थी।

## हार के डर से टीएमसी परेशान, गुंडागर्दी के जरिए चुनाव जीतने की कोशिश

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा में दो दिन पहले न्यायिक अधिकारियों पर हमले हुए थे। भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा



कि हार का डर साफ तौर पर टीएमसी को परेशान कर रहा है और इसी वजह से, वे अलग-अलग जगहों पर हिंसा कर रहे हैं। ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां चुनाव आयोग के अधिकारियों को घेर लिया गया और काले झंडे दिखाए गए। टीएमसी बल, धमकी और गुंडागर्दी के जरिए चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। उधर तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने बांकुरा में कहा कि बीजेपी के साथ रहना अल्सर के साथ जीने जैसा है, जबकि उसे हटाना कैंसर का इलाज करने जैसा है।

## इंडिगो की घरेलू उड़ानें 950, इंटरनेशनल 10,000 तक महंगी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की फ्लाइट्स गुरुवार से महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में अधिकतम 950 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में 10,000 तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाया है। नई कीमतें 2 अप्रैल रात 12:01 बजे से लागू होंगी। इंडिगो ने 18 दिन में दूसरी बार घरेलू और इंटरनेशनल उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे पहले कंपनी ने 14 मार्च को भी किराए में बढ़ोतरी की थी। कंपनी के मुताबिक, यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी जेट फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण लिया गया है। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार, पिछले एक महीने में फ्यूल की कीमतें 130% से ज्यादा बढ़ी हैं।

### कनाडा में हुई हत्या के 21 दिन बाद

# उज्जैन पहुंचा गुरकीरत सिंह का शव

## मनोचा के घर पहुंचे मुख्यमंत्री, श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाई

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मध्य प्रदेश के उज्जैन के छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा की 14 मार्च को कनाडा में हुई हत्या के 21 दिन बाद उनका पार्थिव शरीर शुक्रवार सुबह उज्जैन पहुंच गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा है। सांसद अनिल फिरोजिया के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मनोचा के घर पहुंच गए हैं। उन्होंने गुरकीरत को श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाई। शव 2 अप्रैल को अहमदाबाद पहुंच गया था। यहां से एंबुलेंस से उज्जैन लाया गया है।

गुरकीरत का शव एंबुलेंस से उतारकर घर के अंदर रखा गया है। जहां गुरकीरत की मां और पिता सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गुरकीरत सिंह



मनोचा का पार्थिव शरीर गुरुवार शाम को अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचा। यहां कस्टम और दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद गुरुवार रात करीब 9 बजे एम्बुलेंस से अहमदाबाद से उज्जैन के लिए रवाना किया गया था। कनाडा के फोर्ट सेंट जॉन शहर में 10-12 युवकों ने पहले गुरकीरत की पिटाई की, फिर उस पर गाड़ी चढ़ा दी थी। गंभीर रूप से घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से ही परिवार अंतिम बार बेटे का चेहरा देखने का इंतजार कर रहा था।

### अंतिम दर्शन के बाद निकलेगी शव यात्रा

अभिलाष जैन ने बताया कि पार्श्वनाथ सिटी, देवास रोड स्थित निवास पर अंतिम दर्शन और अरदास के बाद शव यात्रा निकाली जाएगी। उज्जैन आगमन के बाद परिवारजन, रिश्तेदार और समाजजन अंतिम दर्शन करेंगे, इसके पश्चात अंतिम यात्रा निकलेगी।

### इन मार्गो से निकलेगी अंतिम यात्रा

शव यात्रा पार्श्वनाथ सिटी से देवास रोड, संजीवनी हॉस्पिटल चौराहा, फ्रीगंज स्थित सुख सागर गुरुद्वारा साहिब, टावर चौक, चामुंडा माता मंदिर, आगर रोड, मंगलनाथ मार्ग, पीपलीनाका होते हुए चक्रतीर्थ श्मशान घाट पहुंचेगी, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा। रास्ते में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# मोतिहारी में जहरीली शराब से 4 की मौत

## 6 की आंख की रोशनी गई, 7 की हालत गंभीर, परिजनों ने दर्ज कराया हत्या का केस

**ब्रह्मास्त्र ›› मोतिहारी**

बिहार में एकबार फिर जहरीली शराब से मौत हुई है। मोतिहारी में 4 लोगों की जान चली गई, जबकि 15 की हालत गंभीर है। इनमें से 6 की आंखों की रोशनी चली गई है। सभी का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। बीमार लोगों में से 3 की हालत नाजुक बनी हुई है। मामला रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बालगंगा गांव से शुरू हुआ और अब आसपास के इलाकों में फैल गया है। दो लोगो की मौत आज सुबह शुक्रवार को हुई, इलाज के दौरान परीक्षण मांझी (46), और हीरालाल महतो की मौत हो गई। जबकि पहली मौत कल सुबह और दूसरी कल गुरुवार रात को हुई।



# हम अकेले जिसने होर्मुज में नाविक खोए: भारत

## इस संकट का समाधान बातचीत से ही संभव, ऑनलाइन बैठक में 60 देश शामिल हुए

**ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान**

ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक बड़ी ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए।

बैठक में विक्रम मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स




के मुताबिक होर्मुज संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे।

भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है। भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिए रास्ता निकालें। इससे पहले ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट उनके कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा। यह रास्ता तभी खुलेगा जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी।

# मैं कहूंगा तो इजराइल युद्ध रोक देगा : ट्रम्प

## ईरान बोला- दुश्मनों के सरेंडर करने तक जंग जारी रहेगी

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

ट्रम्प ने कहा है कि अगर वह ईरान के खिलाफ चल रहे युद्ध को खत्म करने का फैसला लेते हैं, तो इजराइल भी उनके कहने पर तुरंत हमला रोक देगा। उन्होंने टाइम मैगजीन से बातचीत में कहा वे वही करेंगे जो मैं कहूंगा। वे अच्छे सहयोगी रहे हैं। जब मैं रुकूंगा, तो वे भी रुक जाएंगे। अगर उन्हें उकसाया नहीं गया, तो वे जरूर रुकेंगे। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू के पास ट्रम्प के समर्थन के बिना ज्यादा विकल्प नहीं हैं। दूसरी ओर ईरान की सेना ने साफ कहा है कि यह युद्ध



तब तक जारी रहेगा, जब तक उसके दुश्मन सरेंडर नहीं करते। वहीं, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आज यानी शुक्रवार को बहरीन के प्रस्ताव पर वोटिंग होनी है। इस प्रस्ताव में देशों को होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित के जरूरी सभी कदम उठाने की अनुमति देने की बात कही गई है।

### अब 15 अप्रैल तक जारी होंगी

# एनसीईआरटी की कक्षा 9वीं की नई डिजिटल और फिजिकल पाठ्यपुस्तकें

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एक बड़ा अपडेट जारी करते हुए घोषणा की है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ-एसई) 2023 के अनुरूप तैयार की गई कक्षा 9वीं की नई पाठ्यपुस्तकें आगामी 15 अप्रैल तक जारी कर दी जाएंगी। नई दिल्ली स्थित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के मुख्यालय में आयोजित एक विशेष वेबिनार को संबोधित करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने स्पष्ट किया कि अधिकांश पुस्तकें वर्तमान में छपाई के अंतिम चरण में हैं। उन्होंने बताया कि इस बार पुस्तकों के निर्माण में व्यापक विचार-विमर्श और विशेषज्ञों की बड़ी टीम शामिल होने के कारण प्रक्रिया में थोड़ा समय लगा है। निदेशक के अनुसार, पहले की तुलना में इस बार पुस्तकों के लेखन और संपादन में लगभग 4,000 विशेषज्ञों की सेवाएं ली गई हैं, ताकि छात्रों को विविध और



संतुलित दृष्टिकोण प्राप्त हो सके। उन्होंने पूर्व की व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि पहले पुस्तकें एक या दो लेखकों द्वारा लिखी जाती थीं, लेकिन अब विस्तृत चर्चाओं के माध्यम से एक सर्वसम्मत निष्कर्ष पर पहुँचने के बाद ही सामग्री को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

एनसीईआरटी प्रमुख ने इस बात पर भी जोर दिया कि कक्षा 1 से 8 तक की नई पुस्तकें पहले ही जारी की जा चुकी हैं और अब कक्षा 9वीं की बारी है। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ पुस्तकों की समीक्षा में अधिक सावधानी बरती जा रही है ताकि प्रकाशन के बाद किसी भी तरह के विवाद या बहस की स्थिति उत्पन्न न हो। गौरतलब है कि फरवरी 2026 में सुप्रीम कोर्ट ने कक्षा 8वीं की एक पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े एक खंड को लेकर कड़ी नाराजगी जताई थी, जिसके बाद परिषद ने बिना शर्त माफी मांगते हुए 80,000 से अधिक प्रतियों को वापस लिया था।



## खबर एक नजर...

### गुजरात से पैतृक गांव लौटी युवती ने लगाई फांसी

उज्जैन। गुजरात में रहने वाली ज्योति पिता लालसिंह 18 साल 2 दिन पहले परिवार के साथ पैतृक ग्राम लखाहेड़ा घट्टिया लौटी थी। बुधवार शाम माता-पिता और भाई धार्मिक कार्यक्रम के लिये सामान की खरीददारी करने के लिये बाजार गये थे। ज्योति घर पर अकेली थी। देर शाम परिवार घर लौटा, दरवाजा खुला हुआ था। पिता अंदर कमरे में पहुंचे तो उन्होने पुत्री ज्योति को दुपट्टे के फंदे से लटका देखा। तत्काल उसे नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गुरूवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। बताया जा रहा है कि पूरा परिवार गुजरात में रहकर मजदूरी करता है। काफी समय बाद पैतृक गांव लौटा था। मामले में घट्टिया थाना पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी।

### ट्रक-बाइक की टक्कर में 3 घायल

**उज्जैन।** इंदौररोड तपोभूमि के पास गुरूवार शाम बाइक सवार तीन लोगों को ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गये। पुलिस की डायल 112 ने अस्पताल पहुंचाया। घायलों से पूछताछ में सामने आया कि गरोठ के रहने वाले सिद्धूलाल पिता उदयराम, सोनू पित विदेश रायकवार और विदेश पिता राधेश्याम है। तीनों बड़नगर रोड पर बन रही कालोनी में मजदूरी करते है। सोनू की तबीयत ठीक नहीं होने पर उसे अस्पताल लाया जा रहा था, उसी दौरान ट्रक ने टक्कर मारी। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### ट्रेडिंग के नाम पर युवक से 70 हजार की ठगी

**उज्जैन।** ट्रेडिंग के नाम पर वाट्सएप पर कॉलिंग कर युवक के साथ ऑनलाइन 70 हजार की ठगी कर ली गई। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर जांच शुरू की गई। इंदौर में ट्रांजेक्शन किये जाने का सुराग मिल गया। संभावना है कि आज पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है। अंकपात मार्ग स्थित राधा मोहन की गली में रहने वाले सूरज पिता राधेश्याम राठौर के मोबाइल पर 5 मार्च को वाट्सएप कॉल आया था। जिसमें स्टॉक मार्केट में पैसा लगाने पर काफी मुनाफा होने का झांसा दिया गया। सूरज ने स्टॉक मार्केट की जानकारी नहीं होने की बात कहीं। कॉल करने वाली ने जानकारी देने और स्टॉक मार्केट में कैसे काम करना है, इस बात को सिखाने की बात कहीं। सूरज बातों में आ गया। उससे कुछ एप्प डाउनलोड कराये गये। जिसके बाद सीखने के नाम पर पहले 20 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन कराया गया। उसके बाद उसे मुनाफा दिखाया गया। लालच में सूरज ने 50 हजार का ट्रांजेक्शन ओर कर दिया। उसका भी मुनाफा होना दिखाया गया। जब मुनाफा देने की बात कही गई तो उसे झांसा दिया जाने लगा। फिर घाटा होना बताया दिया गया। सूरज ने उक्त वाट्सएप नम्बर पर संपर्क किया तो कॉल स्वीच ऑफ आने लगा। अपने साथ धोखाधड़ी की शिकायत सूरज द्वारा जीवाजीगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच शुरू की जिसमें सामने आया कि 70 हजार का ट्रांजेक्शन इंदौर के खाते में हुआ है। पुलिस की एक टीम इंदौर जाना बताई जा रही है। संभावना है कि मामले में ठगी करने वालों को गिरफ्तार कर आज मामले का खुलासा किया जा सकता है।

### जनगणना : शिक्षकों को दें अर्जित अवकाश का लाभ

**उज्जैन।** ग्रीष्मावकाश में जनगणना की ड्यूटी में लगे शिक्षकों को अर्जित अवकाश का लाभ देने को लेकर प्रांतीय शिक्षक संघ मप्र ने स्कूल शिक्षा मंत्री और विभागीय आयुक्त को पत्र भेजा है। प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. कैलाश बारोड़ ने बताया कि शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए मध्यप्रदेश शासन ने 1 से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किए हैं। इसी अवधि में 1 से 30 मई के दौरान जनगणना-2026 में शिक्षकों की ड्यूटी प्रगणक, सुपरवाइजर और अन्य कार्यों में लगाई है।

# महाकाल की नगरी बनेगी टाइम कैपिटल

## सीएम-केंद्रीय मंत्री उज्जैन में करेंगे 15.20 करोड़ में बने साइंस सेंटर का शुभारंभ, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भी होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन एक बार फिर देश-दुनिया के वैज्ञानिक और बौद्धिक विमर्श का केंद्र बनने जा रहा है। बाबा महाकाल की नगरी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम पर आधारित प्रदर्शनी और तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ होगा। कार्यक्रम का आयोजन वसंत विहार स्थित तारामंडल परिसर में किया जा रहा है। यहां आज गुरुवार को नव-निर्मित उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण किया जाएगा।

**15.20 करोड़ की लागत से बना साइंस सेंटर-** तारामंडल परिसर में तैयार



किए गए इस अत्याधुनिक साइंस सेंटर के निर्माण पर 15.20 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं, जिसमें केंद्र सरकार ने 6.50 करोड़ और राज्य सरकार ने 8.56 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। यहां विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं।

**महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम—वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगम-** तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिक, खगोलविद, शिक्षाविद, नीति-निमार्ता और अंतरिक्ष विशेषज्ञ भाग लेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के बीच समन्वय स्थापित करना है।

### सम्मेलन में विशेष रूप से इन विषयों पर मंथन होगा

- कार्यक्रम में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत, इसरो से जुड़े वैज्ञानिक, जापान सहित विभिन्न देशों के विशेषज्ञ और देश के प्रमुख संस्थानों के शिक्षाविद अपने विचार रखेंगे।
- उज्जैन-डोंगला को वैश्विक मेरिडियन के रूप में स्थापित करना।
- स्पेस इकोनॉमी और विकसित भारत।
- खगोल विज्ञान, एस्ट्रोफिजिक्स और कॉस्मोलॉजी।
- भारतीय काल गणना का वैज्ञानिक आधार।
- अंतरिक्ष तकनीक और रक्षा रणनीति।

### देश-विदेश के दिग्गज वैज्ञानिक होंगे शामिल

- कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी में आमजन को भारतीय काल गणना, खगोल विज्ञान और आधुनिक अंतरिक्ष तकनीक की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही पुस्तक विमोचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।
- कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी में आमजन को भारतीय काल गणना, खगोल विज्ञान और आधुनिक अंतरिक्ष तकनीक की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही पुस्तक विमोचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### छात्रों के लिए खास आकर्षणः सैटेलाइट और यूएवी वर्कशॉप

सम्मेलन के दौरान युवाओं और छात्रों के लिए कई प्रैक्टिकल गतिविधियां आयोजित होंगी, सैटेलाइट मेकिंग वर्कशॉप वअश और फ्ठ प्लेन ट्रेनिंग, टेलीस्कोप से रात्रि आकाश अवलोकन, सनस्पॉट स्टडी (सूर्य का अध्ययन), इसके अलावा डोंगला में डीप स्काई ऑब्जर्वेशन भी कराया जाएगा।

# भगवान महाकाल को आज से ठंडे पानी की जलधारा अर्पित

## 11 कलशों से बह रही शीतल धारा, गंगा-नर्मदा के जल से महाकाल का 29 जून तक होगा अभिषेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में गर्मी की शुरूआत के साथ ही बाबा महाकाल को शीतलता प्रदान करने की परंपरा शुरू हो गई है। शुक्रवार से भगवान महाकाल पर सतत शीतल जलधारा अर्पित करने का क्रम प्रारंभ हुआ, जो 29 जून (ज्येष्ठ पूर्णिमा) तक निरंतर चलेगा।

परंपरा अनुसार प्रतिदिन भस्म आरती के बाद यह अभिषेक शुरू होता है और शाम की पूजा तक जारी रहता है। सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक भगवान महाकाल पर लगातार जलधारा अर्पित की जाएगी, जिससे उन्हें भीषण गर्मी में शीतलता प्रदान की जाती है।

**11 कलशों से गंगा-नर्मदा सहित पवित्र नदियों का आव्हान-** इस विशेष अनुष्ठान में 11 मिट्टी के कलशों के माध्यम से जलधारा चढ़ाई जाती है। इन कलशों में गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कावेरी, सरयू, क्षिप्रा सहित प्रमुख पवित्र नदियों का मंत्रोच्चार के साथ स्मरण कर जल स्थापित किया जाता है, जो



निरंतर भगवान महाकाल पर प्रवाहित होता है।

**गलंतिका बांधकर किया जाता है विशेष अभिषेक-** मंदिर की प्राचीन परंपरा के तहत रजत अभिषेक पात्र के साथ गलंतिका बांधकर यह जलधारा चढ़ाई जाती है। यह परंपरा वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से ज्येष्ठ पूर्णिमा तक हर वर्ष निभाई जाती है। पुजारी आशीष के अनुसार इस बार अधिक मास होने के कारण जलधारा अर्पण की अवधि एक माह तक और बढ़ाई गई है, जिससे भगवान महाकाल को अधिक समय तक शीतलता प्रदान की जाएगी।

### दूध विक्रेता संघ की बैठक में निर्णय

# दूध के दाम में 2 रुपए बढ़े

## 60 की जगह 62 रुपए प्रति लीटर मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में शुक्रवार से एक बार फिर किचन का बजट बिगड़ने वाला है। गुरुवार को उज्जैन दूध विक्रेता संघ की कार्यकारिणी की बैठक में दूध के भाव में 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ोतरी पर सहमति बनने के बाद शुक्रवार से पूरे शहर में दूध महंगा मिलेगा। अब तक 60 रुपए प्रति लीटर मिल रहा दूध बढ़कर 62 रुपए प्रति लीटर हो जाएगा।

2 अप्रैल को आयोजित बैठक दुग्ध विक्रेता संघ के अध्यक्ष मोहन वासवानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पशु आहार की बढ़ती कीमतों और दुधारू पशुओं के महंगे होने को देखते हुए दूध के भाव बढ़ाने का निर्णय लिया गया। वासवानी ने बताया कि शहर में दूध की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए फैट प्रणाली से क्रय-विक्रय किया जा रहा है। सर्वसम्मति से तय किया गया कि 3 अप्रैल से दूध के भाव में 2 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि आगे दूध उत्पादन प्रभावित होता है और पशु आहार जैसे कपासिया खली, चापड़ व



भूसे के दाम में और बढ़ोतरी होती है, तो संघ फिर से बैठक कर कीमतों में संशोधन पर विचार करेगा।

वासवानी ने एलपीजी गैस की समस्या का भी मुद्दा उठाते हुए मांग की कि दूध डेयरियों को एलपीजी सिलेंडर या पीएनजी गैस कनेक्शन प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए। बैठक में पवन यादव, गोपाल यादव, सुमित अहूजा, राजेश जवर, अशोक यादव और लखन तना सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पालकी में सवार होकर निकले बाल हनुमान

## हनुमान जी के प्रकट उत्सव पर श्री महाकालेश्वर प्रांगण से निकला चल समारोह, मुस्लिम बहुल क्षेत्र में भी हुई पुष्प वर्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर प्रांगण स्थित श्री बाबा बाल विजय मस्त हनुमान मंदिर से गुरुवार शाम 7 बजे बाबा कि रजत प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर नयनाभिराम झांकियों के साथ चल समारोह निकला गया। पूरा जुलूस मार्ग पर भक्तों ने पालकी आरती एवं पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। जुलूस में सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली, मुस्लिम बाहुल्य कोट मोहल्ला, तोपखाना क्षेत्र में भी मुस्लिम समाज जनों ने पालकी पर पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया। जुलूस मार्ग पर मंदिर के मुख्य





पुजारी पंडित सुलभ शांतु गुरु का विभिन्न संस्थाओं द्वारा मंच से साफा बांधकर स्वागत किया गया।

जुलूस में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष नारायण यादव, भाजपा नेता जय सिंह दरबार, जगदीश पांचाल जगदीश अग्रवाल, प्रहलाद दाढ़, राजेश सिंह भदोरिया, डॉ. राहुल कटारिया, अंजनेश शर्मा अतुलित शर्मा, योगेश शर्मा, मनोहर बैरागी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

श्री राम कथा व्यास सुलभ शांतु गुरुजी महाराज के अनुसार हनुमान प्रकटोत्सव पर प्रातः 9 बजे मंगला आरती हुई। जिसमें बाल हनुमान को बालभोग में चैन चिरौंजी दूध पान ऋतु फल एवं बेसन से बनी एक क्विंटल नुक्ति का महाभोग लगाया गया। जो। संध्या 6:15 मुख्य आरती के पश्चात बाल हनुमान जी की रजत प्रतिमा पालकी में विराजित कर नागर भ्रमण कराया गया। उनके साथ ढोल नगाड़े, बैंड बाजे,बग्गी रथ,हाथी घोड़े, ध्वजा पताका और झिलमिल झांकियां का कारवां रहा। हजारों हनुमान भक्तो नें अपने आराध्य के दर्शन कर खुद को धन्य किया।

उज्जैन
शुक्रवार
03
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

क्रोधमूलो मनस्तापः क्रोधः संसारबन्धनम्।
धर्मक्षयकरः क्रोधः तस्मात्क्रोधं परित्यज।।

**अर्थः** क्रोध ही हृदय के दुख का कारण है, गर्मी का, क्रोध भी संसार के बंधन का कारण है, क्रोध भी धर्म के विनाश का कारण है, इसलिए बुद्धिमान को क्रोध का त्याग करना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### बीजेपी युवा मोर्चा की कार्यकारणी घोषित

**इंदौर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी की विस्तृत सूची जारी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की अध्यक्षता में विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। बीजेपी प्रदेश युवा मोर्चा की सूची जारी हुई है, इसमें इंदौर से विवेक शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भोपाल की श्रुति को मंत्री बनाया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता अधिकतर सूची में हैं। इंदौर से नयन दुबे को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया, जो युवा मोर्चा इंदौर नगर अध्यक्ष की दौड़ में था। इधर, कैलाश विजयवर्गीय अपने समर्थक को बनवाने में कामयाब रहे। विवेक शर्मा, अंकित रावल को बनवाया।

**उपाध्यक्षः** मृदुल मिश्रा (कटनी), जय सूर्या (धार), अनिल वर्मा (उज्जैन ग्रामीण), योगेन्द्र सिंह ठाकुर (जबलपुर), पवन शर्मा (राजगढ़), विवेक शर्मा (इंदौर), विश्वप्रताप सिंह (विष्णु) (भिंड) आदि।

**महामंत्रीः** राकेश परस्ते (डिंडोरी), विलव जैन (रतलाम)।

**मंत्रीः** घनश्याम सिंह (इंदौर), यश प्रताप सिंह चौहान (श्योपुर), आशीष झाला (देवास), कार्तिक मिश्रा (उज्जैन), राहुल डिमोले रविकांत (ग्वालियर), श्रुति सिंह (भोपाल) आदि।

### न्याय नगर संस्था की जमीन पर बसी अवैध कृष्णबाग कॉलोनी के 71 मकान तोड़े जाएंगे

**इंदौर।** एमआर-10 से लगी न्याय नगर संस्था की जमीन पर बसी अवैध कृष्णबाग कॉलोनी के 71 मकान पूरी तरह से टूटेंगे। हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक की लड़ाई में यहां के रहवासियों को हार मिली है। पांच साल से चल रही इस लड़ाई में जुलाई 2024 में 15 से ज्यादा मकान बारिश के बीच टूटे थे। इसके बाद भी छुटपुट कार्रवाई हुई थी, फिर स्टे आने के बाद मामला अटक गया था। इसके बाद श्रीराम बिल्डर्स ने फिर कोर्ट की शरण ली थी, वहां से जिला प्रशासन को जमीन खाली करवाने के आदेश मिले हैं। इसी के बाद जूनी इंदौर तहसील में आने वाली इस कॉलोनी के 71 मकानों को तोड़ने की तैयारी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। कई दिनों से मौके पर निशान भी लगाए जा रहे थे और नोटिस भी जारी हुए थे। अब लगभग तैयारी पूरी हो चुकी है। संभवतः इसी सप्ताह यहां कार्रवाई हो भी जाएगी।

### फार्म हाउस से चौकीदारी ने एक लाख रुपए चुराए

**इंदौर।** शहर में चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तेजाजी नगर में सूने फ्लैट को निशाना बनाकर चोर लाखों के जेवर और नकदी ले गए, वहीं बाणगंगा क्षेत्र में फार्म हाउस का चौकीदार ही 1 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के श्रद्धा सबुरी अपार्टमेंट, गंगा विहार शिवधाम, लिंबोदी में चोरों ने बंद फ्लैट को निशाना बनाया। फरियादी रोहित सोनी के मुताबिक 28 मार्च की रात से 1 अप्रैल के बीच अज्ञात आरोपी ताला तोड़कर घर में घुसे। चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नकदी चुरा ली। चोरी गए सामान में 4 सोने की अंगूठियां, सोने की चेन और हार, झुमकी और टॉप्स, चांदी की पायल और बिछिया व नकदी रकम शामिल हैं। घटना का पता तब चला जब परिवार घर लौटा और ताला टूटा मिला।
बाणगंगा थाना क्षेत्र के रेवती रेंज स्थित हिताश विला फार्म हाउस में चौकीदार ही नकदी लेकर फरार हो गया। मैनेजर दिनेश चतुर्वेदी के अनुसार चौकीदार कैलाश मीणा को इसी महीने रखा गया था। फार्म हाउस में पार्टियों के हिसाब के बाद गल्ले में रखे करीब 1 लाख रुपए गायब मिले। 8 मार्च की रात से ही चौकीदार लापता है। पुलिस ने शिकायत मिलने के करीब एक महीने बाद मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## इंदौर के प्राचिन रणजीत हनुमान मंदिर में 7 अप्रैल को भंडारा होगा

# 80 हजार भक्तों के लिए तैयार होगी प्रसादी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के प्राचिन रणजीत हनुमान मंदिर में 7 अप्रैल को भंडारा होगा। भंडारे को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। 80 हजार भक्तों के लिए प्रसादी तैयार की जाएगी। खासबात यह रहेगी कि ये चलित भंडारा होगा, यानी भक्त आकर पैकेट में प्रसादी लेकर अपने घर जा भी सकते या बाहर खड़े होकर खा भी सकते हैं। 6 अप्रैल को सुबह भट्टी पूजन के बाद प्रसादी बनने का काम मंदिर परिसर में ही शुरू हो जाएगा।

हनुमान जन्मोत्सव के बाद पहले मंगलवार को ये भंडारा किया जाता है। सालों से ये परंपरा चली आ रही है। इस बार 80 हजार भक्तों के लिए प्रसादी तैयार की जाएगी। पहले भंडारे का स्वरूप अलग हुआ करता था, मगर व्यवस्थाओं को देखते हुए इसके स्वरूप में बदलाव कर दिया गया है और इसे चलित कर दिया है। बता दें कि मंदिर में दो बार भंडारे का आयोजन किया जाता है। एक हनुमान जन्मोत्सव के बाद और दूसरा आंवला नवमी पर।



पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि 6 अप्रैल की सुबह भट्टी पूजन के साथ भंडारे की प्रसादी बनना शुरू हो जाएगी। अलग-अलग जगह से सब्जियां मंदिर परिसर में आएगी। जिसके बाद महिला मंडल की सदस्यों द्वारा सब्जियों को सुधारा जाएगा। सब्जियों की कटिंग की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ नुक्ति का प्रसाद बनना शुरू हो जाएगा। रामभाजी बनाई जाएगी। ये काम लगातार जारी रहेगा और भंडारे की सभी चीजें बनाई जाएगी। 7 अप्रैल को भगवान को भोग लगाने व आरती के बाद शाम 6.30 बजे से भंडारे की शुरूआत हो जाएगी। मंदिर के पुजारी पं.व्यास ने बताया कि मंदिर की परंपरानुसार हनुमान जन्मोत्सव के बाद जो मंगलवार आता है इसी दिन भंडारे का आयोजन किया जाता है। लगभग 80 हजार भक्तों के लिए भोजन प्रसादी तैयार की जाएगी। चलित व्यवस्था रहेगी। महिला-पुरुषों की अलग-अलग लाइन रहेगी। प्रसादी में पुड़ी, रामभाजी, नुक्ति व भजिए का प्रसाद दिया जाएगा। इसे तैयार करने में 80 क्विंटल आटा, 15 क्विंटल बेसन, 90 डिब्बे शुद्ध घी और 200 डिब्बे मूंगफली के तेल का इस्तेमाल कर प्रसादी तैयार की जाएगी।

### पहले बैठाकर भक्तों को दी जाती थी प्रसादी

कुछ साल पहले तक मंदिर परिसर के ग्राउंड में ही भक्तों को बैठाकर प्रसादी दी जाती थी। भक्तों के लिए बढ़िया बैठक व्यवस्था की जाती थी, जहां पर महिला व पुरुष अलग-अलग बैठकर प्रसादी ग्रहण करते थे, जिसके कारण मंदिर के बाहर बहुत ज्यादा भीड़ लग जाती थी। कई बार धक्का-मुक्की की नौबत आ जाती थी। भक्तों को प्रसादी लेने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता था, जिसे देखते हुए इस व्यवस्था में बदलाव कर दिया गया और चलित भंडारा शुरू हो गया।

### पैकेट में लेकर जा सकते है प्रसादी

चलित भंडारे में भी महिला-पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगती है। इसमें भक्त जैसे ही ग्राउंड परिसर में आते हैं उन्हें हाथ में थाली का पैकेट दे दिया जाता है, धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए उन्हें पुड़ी, सब्जी, भजिए, नुक्ति की प्रसादी थाली में दे दी जाती है, जिसके बाद वे पैकेट को बंद कर अपने साथ ले जा सकते हैं या परिसर के बाहर खड़े होकर खा भी सकते हैं। इस व्यवस्था से मंदिर के बाहर भीड़ नहीं लगती और प्रसादी लेने में भी भक्तों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ता है।

# एक कार सहित पांच गाड़ियों में लगाई थी आग

### बाणेश्वरी कुंड में जिस युवक-युवती की पिटाई हुई, उसमें भी शामिल था आरोपी, सीसीटीवी से पहचान

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के बाणगंगा में एक कार ओर दो बाइक में आगजनी के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। इस मामले में शिवा गौंड को हिरासत में ले लिया है। रहवासियों ने बताया कि आरोपी के साथ उसके साथी भी थे। उसने तीन नही पांच गाड़ियों में आग लगाई। दो मामले में एफआईआर नहीं हुई। शिवा के अपराधिक रिकार्ड पुलिस खंगाल रही है।

बाणगंगा के वृंदावन कॉलोनी में रविन्द्र पाल की शिकायत पर आगजनी के तीन मामले में एफआईआर दर्ज की थी। अलसुबह 5 बजे बदमाश ने पहले उनकी कार में आग लगाई। इसके बाद शेफ भागवत राव और प्रेमसिंह की खड़ी बाइक में आग लगा दी। आरोपी ने इसके बाद दो ओर लोगों की बाइक को भी आग के हवाले किया था। लेकिन पुलिस ने मामले में तीन आगजनी को लेकर ही एफआईआर दर्ज की है। शिवा आसपास के सीसीटीवी कैमरो में कैद हुआ था।



आरोपी ने सोमवार को बाणेश्वरी कुंड में बैठे युवक-युवती के साथ मारपीट की थी। आरोपी के साथ उसके साथी भी थे। उन्होने मंदिर में अश्लीलता परोसने की बात कही थी। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद शिवा की पहचान हुई थी। शिवा इलाके में लोगों से रुपए छीनने और ऐसे ही ब्लैकमेल करने के काम करता है। पुलिस उसके अपराधिक रिकार्डि खंगाल रही है। आरोपी ने जब गाड़ियों में आग लगाई तब वह नशे में था। हालाकि बाणगंगा पुलिस की टीम उससे पूछताछ कर रही है।

# आसाराम ने डॉक्टरों से भूख कम लगने की शिकायत की

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

दुष्कर्म का आरोपी आसाराम बापू गुरुवार को शहर के सरकारी सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में गुपचुप तरीके से लाया गया। इस बार उसकी एंट्री मुख्य गेट की बजाय साइड गेट से कराई गई, ताकि भीड़ और गहमागहमी से बचा जा सके। सुबह करीब 10 बजे उसके 10 से 15 अनुयायी पहले ही साइड गेट से अस्पताल पहुंच गए थे। उन्होंने डॉक्टरों और स्टाफ से चर्चा कर तैयारियां शुरू कर दीं। करीब 11 बजे कार साइड गेट पर पहुंची। पहले अनुयायी उतरे, फिर आसाराम को बाहर निकाला गया। उसे व्हीलचेयर दी गई, लेकिन उसने इनकार कर दिया और रेलिंग के सहारे धीरे-धीरे अंदर गया।

**5 डॉक्टरों की टीम लगी-** अस्पताल में करीब एक घंटे तक उसका चेकअप किया गया। इसमें न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट और ऑप्थेल्मोलॉजिस्ट सहित पांच सुपर स्पेशिएलिटी डॉक्टरों की टीम शामिल रही। डॉक्टरों के अनुसार यह रूटीन फॉलोअप चेकअप था, क्योंकि वह लंबे समय से जांच के लिए नहीं आया था। प्रारंभिक जांच में उम्र से जुड़ी समस्याओं पर फोकस रहा। कार्डियोलॉजिस्ट की जांच में हृदय से जुड़ा कुछ संकेत मिला है, हालांकि किसी गंभीर बीमारी की पुष्टि नहीं की गई। क्रिएटिनिन बढ़ने या आंखों से संबंधित कोई गंभीर समस्या सामने नहीं आई।

## सत्तन गुरु की बेटी कनुप्रिया का पीएम को खुला पत्र

# घटना को सोची-समझी साजिश बताया, निष्पक्ष जांच की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

29 मार्च को दशहरा मैदान पर आयोजित नगर निगम के भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन (सत्तन गुरु) के साथ हुई कथित अपमानजनक घटना अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गई है। सत्तन गुरु की बेटी कनुप्रिया सत्तन, जो हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुई हैं, ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम को सुनियोजित साजिश करार दिया है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

कनुप्रिया सत्तन ने अपने पत्र में लिखा है कि यह घटना न केवल उनके पिता के साथ अपमानजनक है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध भी है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रम में अनावश्यक विवाद पैदा करने की सोची-समझी चाल बताया है। कनुप्रिया ने पत्र में उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए तैयार की गई मंच अतिथि सूची में सत्यनारायण सत्तन का नाम पूर्व निर्धारित रूप से शामिल था।



कार्यक्रम स्थल पर उनकी नामांकित सीट से नाम की स्लिप हटाए जाने की घटना जानबूझकर की गई कार्रवाई प्रतीत होती है। उनका कहना है कि यह एक सुनियोजित प्रयास लगता है, जिसका उद्देश्य मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अनावश्यक विवाद और व्यवधान उत्पन्न करना था। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार यह पूरा घटनाक्रम एक मुख्यमंत्री-विरोधी मंत्री के इशारे पर किया गया बताया जा रहा है, जिससे राजनीतिक असहजता पैदा हो सके। उन्होंने यह भी लिखा कि सत्तन गुरु ने वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहकर संगठन, विचारधारा और राष्ट्रहित के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पत्र में कनुप्रिया ने इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

**क्या हुआ था दशहरा मैदान पर-** 29 मार्च को नर्मदा चौथे चरण से जुड़े बड़े सरकारी कार्यक्रम में मंच पर 69 अतिथियों की सूची तैयार की गई थी। सूची में सत्तन जी का नाम 26वें नंबर पर था और उनकी कुर्सी भी लगाई गई थी। लेकिन मंच पर पहुंचते ही एक कार्यकर्ता ने उन्हें रोक लिया और कहा कि सूची में नाम नहीं है। नाम की स्लिप गायब थी। इससे आहत होकर सत्तन गुरु कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही वापस लौट गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव समेत कई बड़े नेता मौजूद थे।

## खबर एक नजर...

### मंगलेश्वर महादेव मंदिर में मनाया मंगल मारुति नंदन का जन्मोत्सव

**उज्जैन।** अवंतीपुरा स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में मंगल मारुति नंदन का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से भगवान का दुग्धाभिषेक कर चोला चढ़ाया गया और मनमोहक श्रृंगार किया गया। डॉ. घनश्याम शर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातःकाल से ही मंदिर में भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के पाठ किए गए। साथ ही हनुमान जी की द्वादश नामावली का 108 बार पाठ किया गया। सायंकाल भगवान श्रीराम और हनुमान जी की महाआरती की गई, जिसमें महिला भक्तों ने सुमधुर भजन गाए। आरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हरिशंकर शर्मा, डॉ. घनश्याम शर्मा, कैलाश शर्मा, निखिल शर्मा, शुभम शर्मा, भुवनेश शर्मा और निश्चय शर्मा उपस्थित रहे। वहीं मातृशक्ति के रूप में पूनम शर्मा, मोना शर्मा, शिवालिक शर्मा और कविता शर्मा सहित अनेक भक्तगण मौजूद थे।

### योगी पीर रामनाथ महाराज के जन्मदिवस पर दी गई शुभकामनाएं

**उज्जैन।** योगी पीर रामनाथ महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। गढ़कालिका मंदिर के पूर्व गादीपति स्व. महंत दीपकनाथ की पत्नी व मुख्य पुजारी टीनानाथ और उनके पुत्र तथा मंदिर के वर्तमान गादीपति महंत आदित्यनाथ पुजारी ने योगी पीर रामनाथ महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी।

### गढ़कालिका मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ महाप्रसादी का वितरण

उज्जैन। हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर गढ़कालिका मंदिर परिसर में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। मंदिर के पूर्व गादीपति स्व. महंत दीपकनाथ की पत्नी एवं मुख्य पुजारी टीनानाथ और उनके पुत्र वर्तमान गादीपति महंत आदित्यनाथ पुजारी द्वारा श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई।

### सामूहिक हनुमान चालीसा से साथ हुई मंशापूर्ण हनुमान की महाआरती

# हनुमान प्राकट्योत्सव पर छप्पन भोग लगाकर हुआ विशाल भंडारा






ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अलखधाम नगर स्थित श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में श्री हनुमान प्राकट्योत्सव बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय धार्मिक समारोह में सुंदरकांड, महाआरती और भंडारे सहित विविध अनुष्ठान संपन्न हुए।

मंदिर के व्यवस्थापक एवं महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि 1 अप्रैल को संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। वहीं, 2 अप्रैल को मुख्य पर्व पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। इसके पश्चात महाआरती कर भगवान श्री हनुमान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चिंतामणि मालवीय उपस्थित रहे। महाआरती के बाद भव्य भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया।

आयोजन में संयोजक प्रकाश तल्लैरा, कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र तल्लैरा शैलू, कार्तिक टटवाल और सुरेन्द्र गुप्ता मुन्ना सहित सचिन अग्रवाल, रतनसिंह कुशवाह, रमाकांत चौहान, श्यामसुन्दर मंत्री, सुरेश मोढ़, सुनील अग्रवाल, पुजारी बाबुलाल टटवाल, ओंकारसिंह पाल, श्याम धनवानी, संजय गुजराती, आशीष सोनी, रमेशचंद्र शर्मा, संजय सोड़ानी, उर्मिला श्रीवास्तव, उर्मिला तोमर, पुष्पा मंत्री, मनीष पोरवाल, प्रतीक खंडेलवाल, प्रवलसिंह सेंगर, कैलाश जाजू, ज्ञानेन्द्र धनवानी, जगदीश बागवानी, प्रजापति, अजय भावसार, अमित भदौरिया, मनीष डाबर, बालकिशन भावसार, भगवानदास गिरी, प्रेमकुमार मेहर एवं विजय मेहर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# नारायणा धाम में ध्वजारोहण, भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित की सोने की बांसुरी

### चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर गाजे-बाजे के साथ निकला चल समारोह, अभिजीत मुहूर्त में मंदिर शिखर पर फहराई ध्वजा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नारायणा स्थित श्रीकृष्ण सुदामा धाम में गुरुवार को चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रतिमाह की तरह भव्य ध्वजारोहण संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रातः काल भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी का विशेष अभिषेक पंडित नारायण शर्मा, पंडित मनीष शर्मा और पंडित अर्जुन शर्मा द्वारा किया गया। अभिषेक व पूजन के पश्चात भगवान का मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें आकर्षक पगड़ी पहनाई गई।

प्रातः 10 बजे ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ मंदिर से ध्वजा का चल समारोह निकाला गया। गांव में भ्रमण के दौरान जगह-जगह समारोह का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालु नाचते-गाते सुबह 11.30 बजे मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंचे। यहां मंदिर के मुख्य पुजारी प्रेमनारायण शर्मा ने ध्वजारोहण के लाभार्थी सांवेर के मेरखेड़ी निवासी नरेंद्र सिंह पंवार की तिलक लगाकर अगवानी की। इसके बाद दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। इस विशेष अवसर पर लाभार्थी नरेंद्र सिंह पंवार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को लगभग सवा तोले सोने की बांसुरी अर्पित की गई। शिखर पर ध्वजा फहराने के पश्चात मंदिर में महाआरती संपन्न हुई और श्रद्धालुओं को चने-चावल की प्रसादी वितरण के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

### महाकाल सिंधी कॉलोनी में पहली बार श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

# शिवशक्ति महिला मंडल के आयोजन में मानस गुरुजी करेंगे संगीतमयी कथा वाचन, कलश यात्रा में उमड़ी मातृशक्ति



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल सिंधी कॉलोनी में प्रथम बार श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ है। 2 से 8 अप्रैल तक चलने वाली इस कथा की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। समाजसेवी महेश सीतलानी ने बताया कि शिवशक्ति महिला मंडल द्वारा यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मानस गुरुजी द्वारा संगीतमयी कथा वाचन किया जाएगा। इस वृहद आयोजन में प्रमुख रूप से रोमा सीतलानी, कविता केसवानी, गीता शेरा, कौशल्या बाई, खुशी मोटवानी, लता जारवाल, दिव्या शर्मा, पूजा अंजना और उमा दुबे सहित महिला मंडल की सदस्याएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से ही विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकते हैं

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर कालिदास महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय कालिदास महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा विद्यार्थियों के समग्र शैक्षणिक विकास के उद्देश्य से ह्लप्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करेंह्व विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।




कार्यक्रम में पीएम एक्सीलेंस शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के इतिहास विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. धर्मेंद्र तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुनियोजित रणनीति, अनुशासन एवं नियमित अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के महत्व को समझाते हुए प्रतिदिन प्रातःकाल शीघ्र उठकर अध्ययन करने की सलाह दी।

डॉ. तिवारी ने समसामयिक ज्ञान को सुदृढ़ करने हेतु समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से ही विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने प्रश्न प्रस्तुत किए, जिनका समाधान विशेषज्ञ द्वारा विस्तार से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्य वक्ता का रसायन विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो मोनिका परमार द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के मार्गदर्शनपरक कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया गया।इस अवसर पर डॉ सरिता यादव, डॉ अंजना जायसवाल, डॉ मधु खंडेलवाल, डॉ एकता दूबे, डॉ भावना नागर एवं अजय हाड़ा सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में 10 से 12 अप्रैल तक होगी डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला

**उज्जैन।** डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी स्मृति सेवा न्यास के प्रकल्प के तहत डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला-2026 का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक नीलगंगा रोड, माधव नगर स्थित लोकमान्य तिलक विद्यालय में किया जाएगा। यह व्याख्यानमाला इस वर्ष अपने 40वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। तीन दिवसीय यह आयोजन प्रतिदिन रात 8.30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। 10 अप्रैल को सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर अपने विचार रखेंगे। इस दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ पुरातत्वविद नारायण व्यास करेंगे। इसी तरह 11 अप्रैल को मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पांडेय वक्ता होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुधीर गवारिकर करेंगे। अंतिम दिन 12 अप्रैल को सह सरकार्यवाह आलोक कुमार व्याख्यान देंगे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ सनदी लेखाकार अजय कुमार जैन करेंगे। आयोजन समिति ने शहर के नागरिकों से इस तीन दिवसीय व्याख्यानमाला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

### 81 फीट अर्जी वाले हनुमान मंदिर में 108 कुण्डीय महायज्ञ

**उज्जैन।** सिंहस्थ मेला क्षेत्र के मोहनपुरा स्थित 81 फीट अर्जी वाले हनुमान जी महाराज मंदिर प्रांगण में हनुमान जयंती के अवसर पर विश्व शांति और वैश्विक संकट टालने की कामना के साथ '108 हनुमत्कृपा महायज्ञ' का भव्य आयोजन किया गया। विश्वभर में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव तथा इसके कारण उत्पन्न वैश्विक अन्न व ऊर्जा संकट से मुक्ति के लिए हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के समक्ष अर्जी लगाई। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ में 61 बटुक ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत हवन-पूजन संपन्न कराया। प्रातः 8 से 10 बजे तक चले इस यज्ञ में 108 जोड़ों ने आहुतियां अर्पित कीं। इसके पश्चात प्रातः 10 से 12 बजे तक मनोकामना सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ से महाकाल की नगरी और समूचा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। दोपहर 12:30 बजे महाआरती व गुरु पूजन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी प्रेमानंद पुरी जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। इस प्रकार के यज्ञ समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था को सुदृढ़ बनाते हैं। यज्ञ स्थल पर दिनभर शंखनाद के साथ जय श्रीराम व बजरंगबली के जयकारे गूंजते रहे, जिससे संपूर्ण वातावरण धर्ममय बना रहा। इस वृहद धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित रहकर धर्म लाभ अर्जित किया। आयोजन में मंदिर समिति की अध्यक्ष महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी, रोहित पंडित और नीलेश पांचाल सहित अन्य भक्तजनों की विशेष उपस्थिति व भूमिका रही।

# बसंत विहार के मारुति मंदिर में अखंड रामायण पाठ की हुई पूर्णाहुति

### धूमधाम से मना हनुमान प्राकट्योत्सव, वाकणकर उद्यान में 4000 श्रद्धालुओं ने ग्रहण की महाप्रसादी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार श्री हनुमान जी महाराज का प्राकट्योत्सव चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार, 2 अप्रैल को अपार श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इसी तारतम्य में बसंत विहार स्थित श्री मारुति मंदिर में श्री मारुति मंदिर हनुमान भक्त मंडल के तत्वावधान में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए, जिनमें हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

मंदिर के पंडित श्री राजेश दवे के सानिध्य में भगवान की विशेष पूजन, आरती, हवन और अभिषेक वैदिक मंत्रोच्चार व सनातन परंपरा के अनुसार संपन्न कराए गए। इस दौरान जनमानस के स्वस्थ रहने की मंगल कामना की गई। इससे पूर्व बुधवार प्रातः 9 बजे से श्री महाकाल कृषि मित्र मंडल के सौजन्य से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया था।

श्री मारुति मंदिर हनुमान भक्त मंडल के राहुल पाटीदार ने बताया कि गुरुवार को प्राकट्योत्सव के मुख्य दिन की शुरूआत प्रातः 6 बजे हनुमान प्रगट आरती के साथ हुई। सुबह 8 बजे प्रसादी वितरण तथा प्रातः 10 से 12 बजे तक अखंड रामायण पारायण की पूर्ण आहुति संपन्न हुई। ठीक दोपहर 12 बजे भगवान की महाआरती की गई।

महाआरती के पश्चात डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर उद्यान में विशाल भंडारे और भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस महाभंडारे में वसंत विहार सहित आसपास की कॉलोनियों के लगभग 4000 गणमान्य नागरिकों, मातृशक्तियों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर भोजन प्रसादी का आनंद लिया। आयोजन को सफलता के शिखर तक पहुंचाने में मातृशक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति और विशेष भूमिका रही।

### मौनतीर्थ पीठ पर 108 वर्षीय अखंड महामृत्युंजय यज्ञ के 10 वर्ष पूर्ण

# हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड के प्रत्येक दोहे पर दी गई 586 आहुतियां, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज है महायज्ञ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



धर्मनगरी उज्जैन स्थित श्री मौनतीर्थ पीठ में संचालित 108 वर्षीय अखंड महामृत्युंजय यज्ञ के 10 वर्ष पूर्ण होने पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य आध्यात्मिक आयोजन किया गया। विश्व शांति और मानव कल्याण के संकल्प के साथ चल रहे इस ऐतिहासिक महायज्ञ में अभी 98 वर्ष शेष हैं।

हनुमान जन्मोत्सव पर पीठ में सुंदरकांड पाठ के साथ भगवान श्री हनुमान जी का विधिवत अभिषेक और पूजन किया गया। इस दौरान एक विशेष अनुष्ठान के तहत सुंदरकांड के प्रत्येक दोहे और चौपाई पर वैदिक विधि से 586 आहुतियां निःशुल्क अर्पित की गईं। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और जीवन में सुख, शांति व समृद्धि के लिए यज्ञ में आहुतियां दीं।

इस महान यज्ञ की स्थापना ब्रह्मलीन ब्रह्मर्षि श्रीश्री मौनी बाबाजी महाराज द्वारा चैत्र पूर्णिमा 2016 में हनुमान जयंती के दिन ही की गई थी। इस यज्ञ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें प्रज्वलित अग्नि त्रियुगीनारायण मंदिर से सन 1950 में पूज्य बाबा द्वारा लाई गई थी, जो आज तक अखंड रूप से प्रज्वलित है। अपनी महत्ता और निरंतरता के कारण इस यज्ञ को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी स्थान प्राप्त हो चुका है।

वर्तमान में इस महायज्ञ का संचालन श्री मौनतीर्थ पीठ के पीठाधीश्वर एवं पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के महामंडलेश्वर स्वामी श्री डॉ. सुमनानंद गिरि जी महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है।

### उज्जैन से उन्हेल तक निकली बाबा रूपसिंह जी महाराज की रथ यात्रा

51 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने चौपाल सागर से रवाना हुआ हजारों युवाओं का काफिला

उज्जैन। अखिल भारतीय श्री रूपसिंह दरबार बंजारा सेना संगठन और गोविंद दायमा मित्र मंडली के तत्वावधान में उज्जैन के चौपाल सागर से उन्हेल तक बाबा रूपसिंह जी महाराज की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। एक विशाल वाहन रैली के रूप में निकली इस यात्रा का नेतृत्व अखिल भारतीय बंजारा सेवा संगठन के युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक गोविंद दायमा ने किया। इस दौरान हजारों की संख्या में युवा और समाजजन रैली में शामिल हुए।

यात्रा संयोजक गोविंद दायमा ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हेल में बालू जी खींची द्वारा 51 जोड़ों का विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन

# नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिपः मप्र ने जीता राष्ट्रीय रनर-अप का खिताब

### इंदौर में आयोजित स्पर्धा में प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक, राज्य संस्था के पदाधिकारियों का उज्जैन में हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




इंदौर में आयोजित 17वीं नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार शारीरिक सौष्ठव का प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई द्वारा मध्य प्रदेश की राज्य शरीर सौष्ठव संस्था को संपूर्ण भारत में रनर-अप का खिताब प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस राज्य स्तरीय संस्था का मुख्यालय उज्जैन में स्थित है।

चैंपियनशिप के विभिन्न वजन वर्गों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने कुल पांच पदक अपने नाम किए। 100 किलोग्राम वजन वर्ग में प्रदीप ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, 55 किलोग्राम वर्ग में जेताराम नायक ने रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा 95 किलोग्राम वर्ग में शैलेंद्र शुक्ला, 90 किलोग्राम वर्ग में हाशिम अली और 100 किलोग्राम से अधिक वजन वर्ग में कमलेश चांगल ने कांस्य पदक प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश को रनर-अप का खिताब मिलने की इस विशेष उपलब्धि पर संस्था के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रेम सिंह यादव, पूर्व मिस्टर इंडिया जितेंद्र सिंह कुशवाह और राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके का आत्मीय अभिनंदन किया गया।

# डोनाल्ड ट्रम्प को अशांति का ग्लोबल टेपा सम्मान प्रदान करने की घोषणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर 1 अप्रैल को कालिदास अकादमी में 53वें अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस धुरंधर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 'अशांति का ग्लोबल टेपा सम्मान' प्रदान करने की घोषणा की गई। सम्मेलन में वार्षिक टेपा रपट पढ़ते हुए सुमेध सिंह शर्मा ने कहा कि ट्रम्प ने टेरिफ की दादागिरी और अन्य देशों पर हमले कर विश्व की शांति भंग कर दी है। दुनिया की अर्थव्यवस्था को खतरे में डालकर अशांति फैलाने के कारण वे इस ग्लोबल सम्मान के हकदार हैं।

टेपा के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. शिव शर्मा और प्रख्यात समाजसेवी स्व. लाला अमरनाथ की स्मृति को समर्पित इस सम्मेलन में अतिथियों को विचित्र वेशभूषा में सजाकर टेपा मुकुट पहनाया गया। प्रशस्ति वाचन कर प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव को 'धुरंधर प्रेस क्लब अध्यक्ष' और विधायक महेश परमार को 'धुरंधर विधायक' की उपाधि से नवाजा गया। इसके साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश धाकड़, बैरवा समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट आदिश सी. अगरवाला को भी टेपा उपाधि प्रदान की गई। मंच पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, वन विकास निगम के मुख्य वन संरक्षक प्रफुल्ल फुलजेले, प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, राजनेता मुकेश भाटी और फिटनेस कोच गिनील नवलकर टेपा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रशस्ति वाचन डॉ. हरीशकुमार सिंह, अशोक भाटी और सुरेंद्र सर्किट ने किया। प्रशस्ति वाचन के दौरान दिनेश दिग्गज के रोचक सवालों का राकेश बेदी ने अपने अनोखे अंदाज में जवाब देकर श्रोताओं को आनंदित किया। सम्मेलन में 53वां राधा-लाला अमरनाथ स्मृति हास्य व्यंग्य टेपा सम्मान हास्य अभिनेता राकेश बेदी को अतिथि महेश परमार, नंदलाल यादव, पं. योगेश शर्मा, शिवा खत्री और राजेश धाकड़ ने प्रदान किया। सांदीपनी न्यास टेपा सम्मान व्यंग्य कवि शंभू शिखर को पं. योगेश शर्मा और डॉ. प्रतिष्ठा शर्मा ने, पं. सूर्यनारायण व्यास स्मृति टेपा सम्मान प्रख्यात कवि सुभाष काबरा को अंकित व्यास, दिव्या व्यास और अतिथियों ने तथा रंगकर्मी भगवती शर्मा स्मृति टेपा सम्मान कवयित्री प्रिया खुशबू को पं. योगेश शर्मा ने प्रदान किया। पत्रकार मानसिंह बैस स्मृति टेपा सम्मान संपादक नितिन चावड़ा को संपादक महेंद्रसिंह बैस द्वारा और एडवोकेट ज्ञानस्वरूप श्रीवास्तव स्मृति टेपा सम्मान पत्रकार भूपेंद्र भूतड़ा को प्रलभ श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया। इसी तरह स्व. कन्हैयालाल भूतड़ा स्मृति टेपा सम्मान वरिष्ठ पत्रकार राजेश पांचाल को निकुंज भूतड़ा ने, कला संकेत सम्मान डॉ. अभिषेक सिंह तोमर को दीपक शर्मा व दिनेश शर्मा ने, स्व. सत्यनारायण गोयल स्मृति टेपा सम्मान पत्रकार राहुल यादव को डॉ. सचिन गोयल ने, स्व. किशनलाल जायसवाल स्मृति टेपा सम्मान कवि लोकेश जडिया को उत्तम जायसवाल ने और स्व. रणछोड़ सिंह आंजना स्मृति टेपा सम्मान कवि एकेश पार्थ को भगवान सिंह आंजना ने प्रदान किया।

## खबर एक नजर...

### जैकी और टाइगर श्रॉफ के फैन ने हनुमान जन्मोत्सव पर किया 21 क्विंटल गन्ने के रस का भंडारा

**उज्जैन।** 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं...' यह कहावत शहर के युवा रवि पर बिल्कुल सटीक बैठती है। बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ और टाइगर श्रॉफ के इस प्रशंसक ने हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मुरादपुर मंदिर में 21 क्विंटल गन्ने के रस का विशाल भंडारा आयोजित किया। उल्लेखनीय है कि बीते दिन ही अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए थे। इसके ठीक बाद, हनुमान जन्मोत्सव पर रवि ने अपने चहेते अभिनेताओं की ओर से यह पुनीत कार्य किया। भीषण गर्मी के बीच मंदिर पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने गन्ने के रस का प्रसाद ग्रहण कर राहत महसूस की और इस अनूठी पहल की सराहना की।

शहर में रवि की पहचान अपने पसंदीदा सितारों के नाम पर सेवा कार्य करने वाले युवा के रूप में है। वे हर साल जैकी और टाइगर श्रॉफ के नाम पर कई भंडारे और आयोजन करते हैं। इन आयोजनों के माध्यम से वह नियमित रूप से जरूरतमंद लोगों और बच्चों की मदद करते हैं। रवि का कहना है कि वे अपने आदर्शों के नाम पर आगे भी इसी तरह जनसेवा और जरूरतमंदों की मदद का सिलसिला जारी रखेंगे।

### उज्जैन के मुन्नालाल मामोडिया खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन के कार्यालय में पदस्थ और विक्रम अवॉर्डी मुन्नालाल मामोडिया धाकड़ को अहम जिम्मेदारी मिली है। भारत सरकार की स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) द्वारा छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में उन्हें मल्लखंब प्रतियोगिता का तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के निर्णायक मुन्नालाल मामोडिया इससे पहले भी नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया और कई अन्य प्रमुख राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

### जनगणना : शिक्षकों को दें अर्जित अवकाश का लाभ

**उज्जैन.** ग्रीष्मावकाश में जनगणना की ड्यूटी में लगे शिक्षकों को अर्जित अवकाश का लाभ देने को लेकर प्रांतीय शिक्षक संघ मप्र ने स्कूल शिक्षा मंत्री और विभागीय आयुक्त को पत्र भेजा है। प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. कैलाश बारोड़ ने बताया कि शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए मध्यप्रदेश शासन ने 1 से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किए हैं। इसी अवधि में 1 से 30 मई के दौरान जनगणना-2026 में शिक्षकों की ड्यूटी प्रगणक, सुपरवाइजर और अन्य कार्यों में लगाई है। सामान्यतः यह अवधि शिक्षकों के लिए अवकाश की होती है, जिसमें उन्हें विश्राम और व्यक्तिगत कार्यों के लिए समय मिलता है, लेकिन इस अवधि में निरंतर शासकीय कार्यों में संलग्न रहने के कारण शिक्षकों को अपने वैधानिक अवकाश का लाभ नहीं मिल सकेगा।

### शिक्षा और संस्कार के 9 वर्षः आलोक इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

# संस्था अध्यक्ष व प्राचार्या ने किया पौधारोपण, उत्कृष्ट विद्यार्थी हुए सम्मानित

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

प्रसार एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के अंतर्गत संचालित महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के आलोक इंटरनेशनल स्कूल ने अपना 9वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

परम पूजनीय दद्दा जी के मार्गदर्शन में 2 अप्रैल 2017 को स्थापित इस विद्यालय के स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ, प्राचार्या यामिनी पाटनकर, एडमिनिस्ट्रेटर नेहा झा, अभिषेक वशिष्ठ और विद्यार्थियों ने परिसर में पौधारोपण किया।



समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और लघु नाटिकाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों व राष्ट्रप्रेम का प्रभावशाली प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। अपने उद्बोधन में संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाकर जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या यामिनी पाटनकर ने विद्यालय की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्था आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने विद्यालय की निरंतर प्रगति और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जीवनदीप परिवार ने सामाजिक और धार्मिक योगदान के लिए किया विभूतियों का सम्मान

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

जीवनदीप परिवार द्वारा सामाजिक, धार्मिक और जनसेवा से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विनोद उपाध्याय और मयंक उपाध्याय (इन्दौर) द्वारा नवकार मंत्र की संगीतमय प्रस्तुति से हुई, जिससे आयोजन स्थल का वातावरण आध्यात्मिकता से परिपूर्ण हो गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद अनिल फिरोजिया उपस्थित रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक आयोग दिल्ली की विशेष सलाहकार सदस्य 'राष्ट्र गौरव' डॉ. इंदु जैन और 'जिनधर्म रक्षक' के संस्थापक राकेश जैन ने शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री पारसचंद्र जैन, 'अक्षर विश्व' के संपादक सुनील जैन, समाजसेवी ओम जैन, मुकेश रांका, अनिल शेखावत, तिलकेश्वर गौशाला के सेवक अशोक जैन (मुन्ना सरकार) और रजत मेहता सहित कई गणमान्य नागरिक विशेष रूप से आमंत्रित थे। इस अवसर पर जीवनदीप परिवार की ओर से अतिथियों का अभिनंदन कर उन्हें सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

### उज्जैन में दूध 2 रुपए महंगा, आज से 62 रुपए प्रति लीटर बिकेगा

**उज्जैन।** उज्जैन दूध विक्रेता संघ की कार्यकारिणी की बैठक 2 अप्रैल को संघ अध्यक्ष मोहन वासवानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से दूध के दाम में 2 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद 3 अप्रैल से शहर में दूध 62 रुपए प्रति लीटर के भाव से मिलेगा।

संघ की ओर से बताया गया कि पशु आहार और दुधारू पशुओं की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के कारण दूध के दाम बढ़ाने पड़े हैं। शहर में दूध की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए फैट प्रणाली के आधार पर ही क्रय-विक्रय किया जा रहा है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि भविष्य में दूध उत्पादन की परिस्थितियां प्रतिकूल रहीं और कपासिया खली, चापड़ व भूसा जैसे पशु आहार के भाव और बढ़ते हैं, तो संघ पुनः बैठक कर दामों में वृद्धि पर विचार करेगा। बैठक में एलपीजी गैस की मौजूदा समस्या पर भी चर्चा की गई। संघ ने मांग की है कि दूध डेयरियों को प्राथमिकता के आधार पर एलपीजी गैस सिलेंडर या पीएनजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं।

# महाकाल की नगरी बनेगी टाइम कैपिटल:सीएम-केंद्रीय मंत्री उज्जैन में करेंगे 15.20 करोड़ में बने साइंस सेंटर का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

उज्जैन एक बार फिर देश-दुनिया के वैज्ञानिक और बौद्धिक विमर्श का केंद्र बनने जा रहा है। बाबा महाकाल की नगरी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम पर आधारित प्रदर्शनी और तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ होगा।

कार्यक्रम का आयोजन वसंत विहार स्थित तारामंडल परिसर में किया जा रहा है, जहां सुबह 10 से 10:30 बजे के बीच नव-निर्मित उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण किया जाएगा।

### 15.20 करोड़ की लागत से बना साइंस सेंटर

तारामंडल परिसर में तैयार किए गए इस अत्याधुनिक साइंस सेंटर के निर्माण पर 15.20 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं, जिसमें केंद्र सरकार ने 6.50 करोड़ और राज्य सरकार ने 8.56 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।

यहां विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं।

### महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम—वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगम

तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिक, खगोलविद, शिक्षाविद, नीति-निमार्ता और अंतरिक्ष विशेषज्ञ भाग लेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के बीच समन्वय स्थापित करना है।

कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी में आमजन को भारतीय काल गणना, खगोल विज्ञान और आधुनिक अंतरिक्ष तकनीक की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही पुस्तक विमोचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी में आमजन को भारतीय काल गणना, खगोल विज्ञान और आधुनिक अंतरिक्ष तकनीक की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही पुस्तक विमोचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।



### ये सब बना है साइंस सेंटर में

- साइंस फन गैलरी
- आउटडोर साइंस पार्क
- साइंस एंड टेक्नोलॉजी गैलरी
- हेरिटेज थीम गैलरी
- स्टूडेंट एक्टिविटी हॉल
- एग्जिबिट डेवलपमेंट लैब

### सम्मेलन में विशेष रूप से इन विषयों पर मंथन होगा

कार्यक्रम में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत, इसरो से जुड़े वैज्ञानिक, जापान सहित विभिन्न देशों के विशेषज्ञ और देश के प्रमुख संस्थानों के शिक्षाविद अपने विचार रखेंगे। स्पेस इकोनॉमी और विकसित भारत खगोल विज्ञान, एस्ट्रोफिजिक्स और कॉस्मोलॉजी और रक्षा रणनीति देश-विदेश के दिग्गज वैज्ञानिक होंगे शामिल छात्रों के लिए खास आकर्षणः सैटेलाइट और वअश वर्कशॉप सम्मेलन के दौरान युवाओं और छात्रों के लिए कई प्रैक्टिकल गतिविधियां आयोजित होंगी

# केमिकल कंपनी की वजह से 30 कर्मचारियों के कान खराब

## सभी को हियरिंग मशीन लगी, 5 पूरी तरह दिव्यांग, सीएम-कलेक्टर से शिकायत, जांच शुरू

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

उज्जैन के नागझिरी ओद्योगिक क्षेत्र की ओंकार केमिकल कंपनी में काम करने वाले दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि केमिकल फैक्ट्री में काम करने के दौरान उनकी सुनने की क्षमता 90 प्रतिशत तक खत्म हो चुकी है।

शहर के मध्य संचालित होने वाली ओंकार केमिकल कंपनी के कर्मचारियों ने इसकी शिकायत सीएम से लेकर उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह तक से की है। कलेक्टर रौशन सिंह ने बताया कि एक आवेदन आया है जिसमें कंपनी के खिलाफ शिकायत की है, जांच की जा रही है ,प्रतिवेदन मिलते ही उचित कार्रवाई की जाएगी। हालात ये है कि सभी 30 कर्मचारी बिना हियरिंग मशीन के अब सुन भी नहीं सकते हैं। सभी लोग मशीन लगाकर बात कर पाते हैं।

अब उनके सामने रोजी रोटी के लिए दूसरी कंपनी में कहीं काम भी नहीं मिल रहा है। हैरानी की बात तो ये है कि जो 30 से अधिक कर्मचारी बेहरेपन का शिकार हुए हैं उनकी उम्र महज 20 से 30 साल के बीच है।

बरखेड़ी बाजार निवासी लखन चौहान 2022 में कंपनी में 11500 रुपए मासिक वेतन पर काम पर लगे थे, 6 माह के अंदर ही उनके कान में सीटी बजाना शुरू हुई, डाक्टरों को दिखाया तो उन्होंने चेकअप के लिए लिखा, इंदौर के एमवाय अस्पताल की जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि दोनों कान पूरी तरह से डेमेज हो चुके है। इसके बाद उन्होंने वंहा से नौकरी छोड़ दी।



### कान इतने खराब हुए की दिव्यांगता का सर्टिफिकेट बन गया

लखन चौहान ने बताया कि ओंकार केमिकल में लेबर का काम करता था। इस दौरान कई बार केमिकल शरीर पर भी गिरता था। जिसके कारण दोनों कान खराब हो गए है। डॉक्टर को बताया इंदौर उज्जैन में इलाज चाल लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अब तो मेरे सहित आधा दर्जन कर्मचारियों का दिव्यांग का प्रमाण पत्र भी बन गया है। केमिकल की वजह से खराब हुआ है। कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई है।

तीन माह में 80 प्रतिशत कान खराब मीनगांव निवासी राजेश परमार ने बताया कि ओमकार केमिकल में 2021 में काम करना शुरू किया। 10500 रुपए सैलरी मिलती थी, तीन महीने बाद ही कान में सिटी बजना भारीपन सहित आवाज कम आने की समस्या शुरू हुई। इसके बाद डॉक्टर को चेक कराया तो दोनों कान में एक में 80 और दूसरे में 90 प्रतिशत डैमेज बताया अब दूसरी कंपनी वाले काम पर भी नहीं रख रहे हैं। ना मुआवजा कंपनी ने दिया है। करीब 30 लोग ऐसे हैं जिनके कान खराब हैं।

# रतलाम में सोने व केसर से हनुमान जी का श्रृंगार, अखंड हनुमान चालीसा का पाठ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

हनुमान जयंती 2 अप्रैल (गुरुवार) को श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ मनाई जा रही है। शहर के प्रमुख बरबड़ हनुमान मंदिर, श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदि, धानमंडी स्थित श्री खेड़ापति हनुमान जी सोने के वर्क व 60 ग्राम केसर से श्रृंगार किया है। सुबह से हनुमान देवालयों में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया है।

सैलाना रोड स्थित श्री बरबड़ हनुमान मंदिर पर शाम को मेला लगा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत रोशनी व



मंदिर के गर्भ गृह को फूलों से सजाया है। देर रात तक हजारों की संख्या में श्रद्धालू यहां पहुंचे। सुबह से दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगातार लगी हुई है। शहर में शाम को भी कई हनुमान मंदिरों पर महाआरती की।

साहू बावड़ी स्थित हनुमान मंदिर, ऑफिसर कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत शहर के अनेक हनुमान देवालयों में महाआरती कर धार्मिक आयोजन किए। जवाहर नगर वन विभाग परिसर स्थित श्री सूर्यमुखी हनुमान मंदिर पर सुबह 10.30 बजे महाआरती कर भंडारे का आयोजन किया। नगर निगम तिराहा स्थित श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदिर को भी आकर्षक फूलों से सजाया है। यहां पर पंच दिवसीय कुंडात्मक यज्ञ का पूणार्हूति हुई। मंत्रोच्चार के साथ पंडितों ने हव कुंड में आहूतियां दिलवाई। पूणार्हूति पर शोभा यात्रा निकाली गई। इसके बाद बालाजी की महाआरती की गई। धानमंडी स्थित श्री खेड़ापति हनुमान की केसर व सोने के वर्क का आकर्षक श्रृंगार देखते ही बनता था। यहां पर 71 हजार की करीब 60 ग्राम केसर से भगवान की मूर्ति को चोला चढ़ाया। महावीर भजन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी।



## मनासा के पडदा में नाबालिक से छेड़छाड़ के बाद आक्रोश फैला

**नीमच।** जिले के मनासा क्षेत्र के पड़दा गांव में एक नाबालिक बच्ची से छेड़छाड़ के बाद आक्रोश फैल गया । लोगो ने आरोपी का घर तोड़ने और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। पुलिसझ्प्रशासन ने भी आरोपी का घर पर कार्यवाही के लिए बुलडोजर बुलवा लिया। इसी दौरान कुछ लोगों ने आरोपी के घर में घुसकर तोड़फोड़ कर सामान फेंक दिया। पुलिस ने रोका तो पत्थरबाजी शुरू कर दी। भीड़ को तितरझबितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। पांच लोगों को हिरासत में भी लिया गया। मिली जानकारी अनुसार बुधवार रात गांव में रहने वाली 13 साल की बच्ची घर पर अकेली थी। माताझपिता किसी धार्मिक आयोजन में गए थे। इसी दौरान आरोपी अब्दुल रहमान (55) पिता गनी मोहम्मद रहमान घर में घुस गया। वह बच्ची को बहलाझफुसलाकर अपने घर ले गया। और यहां बच्ची के साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद कुछ रूपए देकर किसी को नहीं बताने के लिए कहकर डराकर भगा दिया। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने आकर्षित होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## 500 ग्राम एमडी और 5 किलो डोडाचूरा के साथ पैदल जा रहा आरोपी पकड़ाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय नईआबादी थाना पुलिस ने घेराबंदी कर राजस्थान के एक तस्कर को रंगेहाथ दबोचा है, जिसके कब्जे से लाखों रुपये मूल्य की एमडी (मेफेड्रोन) और डोडाचूरा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी कुलदीपसिंह राठौर की टीम ने यह कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंदसौर-नीमच हाईवे रोड पर अघोरिया फंटा के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में अवैध मादक पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना मिलते ही सउनि गजानन्द शर्मा और उनकी टीम ने मौके पर दबिश दी और पैदल जा रहे आरोपी इमरान (32) पिता अफजल खान निवासी डग, जिला झालावाड़ को हिरासत में लिया। जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 500 ग्राम



अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही आरोपी से 10 हजार रुपये मूल्य का 5 किलोग्राम डोडाचूरा और दो कीमती एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी इमरान ने बताया कि उसे यह मादक पदार्थ डग निवासी जाफर खान ने सप्लाई किए थे। पुलिस ने इस मामले में जाफर खान को फरार घोषित कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इसके साथ ही कार्रवाई के दौरान दो विधि उल्लंघन करने वाले बालकों को भी पुलिस ने संरक्षण में लिया है।

## मन्दसौर में नागर ब्राह्मण समाज ने मनाई हाटकेश्वर जयंती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय हाटकेश्वर धाम मंदिर में नागर ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान हाटकेश्वर की जयंती भक्तिभाव के साथ मनाई। आचार्य पं. प्रकाश नागर के सान्निध्य में भगवान हाटकेश्वर का विशेष अभिषेक संपन्न हुआ, जिसके मुख्य यजमान विवेक नागर और प्रभाशंकर मेहता सपत्नी रहे। अभिषेक के पश्चात महाआरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर समाज की बैठक में



आगामी 23 जुलाई को आयोजित होने वाले भडलीया नवमी पाटोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह और साधारण सभा की तैयारियों पर चर्चा कर सदस्यों से सुझाव मांगे गए। समाज के सचिव सतीश नागर ने जानकारी दी कि अब से समाज के किसी सदस्य के निधन पर उनके उत्तराधिकारी को पगड़ी दस्तूर के दौरान समाज की ओर से पगड़ी बांधी जाएगी। कार्यक्रम में समाज के बीमार सदस्यों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई और दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष बाबूलाल नागर सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला और पुरुष पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।



## पाली क्लिनिक एवं पशुपालन कार्यालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नीमच। जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को पशु चिकित्सा पोलिक्लिनिक एवं उपसंचालक पशुपालन कार्यालय नीमच का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने पशुपालन समिति से करवाए जाने वाले कार्यों के लिए स्थल निरीक्षण किया। उन्होने सीएसआर मद से डिजिटल एक्स-रे मशीन प्रदान करवाने के लिए महाप्रबंधक उद्योग को आगामी कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने पशुपालन कार्यालय में कामधेनु योजना के स्वीकृत, वितरित एवं प्रक्रियारत प्रकरणों के हितग्राहियों की बैंकर्स के साथ बैठक में सभी हितग्राहियों से चर्चा कर, बैंक की ओर से आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होने हितग्राहियों की समस्याओं पर बैंको को आवश्यक निर्देश दिये, कि अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत कर वितरण सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला परिषद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश पाटीदार एवं पशु चिकित्सा सर्जन डॉक्टर ए आर धाकड़ एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

# मन्दसौर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मंदसौर शहर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अपार श्रद्धा, अटूट आस्था और जबरदस्त उत्साह के साथ मनाया गया, जिसके चलते समूचा अंचल भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। इस पावन अवसर पर शहर में बालाजी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही और 15 से अधिक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जहाँ अलसुबह से ही पवनपुत्र के दर्शन और प्रसादी ग्रहण करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

नगर के श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर में हनुमद् प्राकट्य महोत्सव के विशेष अवसर पर एकादश कुंडात्मक अष्टसिद्धि हनुमद् महायज्ञ का आयोजन आचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा च्शास्त्रीज के कुशल सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डाली गईं और जन्मोत्सव के दिन इस महायज्ञ की गरिमामयी पूणार्हुति हुई। मंदिर परिसर को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जो भक्तों





के आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं पुराना बस स्टैंड स्थित प्रसिद्ध बड़े बालाजी मंदिर में भी उत्सव का विशेष उल्लास देखने को मिला, जहाँ ढोल-धमाकों और भव्य आतिशबाजी के बीच महाआरती का आयोजन किया गया और भगवान बालाजी का फूलों से मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें दिव्य स्वरूप प्रदान किया गया। इसी कड़ी में इच्छापुर बालाजी मंदिर में कार्यक्रम की भव्य शुरूआत कन्या पूजन के साथ हुई, जहाँ नन्हीं कन्याओं को विधि-विधान से पूजकर उन्हें उपहार भेंट किए गए और इसके पश्चात शुरू हुए महाप्रसाद वितरण में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भोजन प्रसादी ग्रहण की।

शहर के अन्य प्रमुख क्षेत्रों जैसे नाकोड़ा नगर स्थित इच्छापूर्ण बालाजी, नाहटा चौराहा स्थित बालाजी मंदिर, पुराना रोडवेज डिपो स्थित बालाजी मंदिर, बीएसएनएल बालाजी, वायडी नगर थाना परिसर और अभिनंदन क्षेत्र में भी भक्तिमय माहौल व्याप्त रहा। उधर श्री तीन छत्री बालाजी धाम पर देश की सुख-शांति और खुशहाली की मंगल कामना के साथ पांच दिवसीय नवकुंडात्मक हनुमंत महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसकी सफलता साधु-संतों के मार्गदर्शन में पूणार्हुति के साथ सुनिश्चित की गई। इसी धाम से साधु-संतों की उपस्थिति में एक विशाल ध्वजा यात्रा निकाली गई, युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## पंचमुखी बालाजी के भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर हजारों भक्तों ने लिया लाभ

पिपलिया मंडी। 2 अप्रैल को स्थानीय रेलवे फाटक स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मंदिर समिति के तत्वाधान में आयोजित विशाल भंडारा आयोजित किया गया। दिन भर चला महाप्रसाद कार्यक्रम में शामिल होकर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। इससे पूर्व मंदिर समिति द्वारा यज्ञ का आयोजन रखा गया। जिसमें विभिन्न दंपतियों द्वारा यज्ञ में आहुति देखकर धर्म लाभ लिया। इसी तरह सत्य सनातन धर्म संकट मोचन बालाजी मंदिर के तत्वाधान में रेलवे स्टेशन बालाजी मंदिर परिसर में भी आयोजित विशाल भंडारा संपन्न हुआ। महाविद्यालय के सामने श्री बागेश्वर चेतन्य वीर बालाजी मंदिर परिसर में भी भंडारा आयोजित किया गया।

## रोटरी सैटेलाइट विमेंस क्लब ने स्कूली बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

मन्दसौर। रोटरी सैटेलाइट विमेंस क्लब द्वारा नई आबादी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में सेवा कार्य के अंतर्गत स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। यह आयोजन क्लब की चार्टर्ड प्रेसिडेंटश्वेता कपूर की सास की पुण्यतिथि की स्मृति में कपूर परिवार के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पढ़ाई में उपयोगी कॉपी, पेन, पेंसिल के साथ पानी की बोतलें और चॉकलेट्स भेंट की गईं। क्लब की अध्यक्ष निशा कुमावत ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बच्चे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं



# फिल्म 'रामायण' से सामने आया रणबीर कपूर का लुक

**भगवान राम के रूप में गरिमा भरे अंदाज में दिखे, बैकग्राउंड म्यूजिक भी शानदार**

फिल्म रामायण से रणबीर कपूर का भगवान राम के रूप में लुक सामने आ गया है। इसकी झलक आज यानी हनुमान जयंती पर जारी की गई। भगवान राम के रूप में रणबीर का लुक सादगी, गरिमा और आध्यात्मिकता से भरा हुआ है। शाही वेशभूषा और बारीक आभूषणों के साथ उनका शांत और संतुलित रूप काफी अच्छा नजर आ रहा है। श्रीराम की पहली झलक प्रजा के बीच दिखाई गई। वीडियो में शानदार वीएफएक्स देखने को मिले हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक भी शानदार है।

भगवान राम का रोल निभाने के बारे में बात करते हुए रणबीर ने कहा था, मुझे नहीं लगता कि मैं यहां राम का रोल करने आया हूं। मैं यहां उनसे सीखने आया हूं। उनमें एक सादगी और पवित्रता है जो बहुत कम देखने को मिलती है और उसे समझने और अपनाने की कोशिश करना मेरे लिए बहुत ही विनम्र करने वाला अनुभव रहा है।

**फिल्म 'रामायण' से जुड़ी अहम बातें-** फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे। 1987 के टीवी शो रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल इस फिल्म में राजा दशरथ की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म का कुल बजट लगभग 4,000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है, जो इसे भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल करता है। फिल्म को नितेश तिवारी डायरेक्ट कर रहे हैं, जिन्होंने सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म दंगल बनाई थी।

# क्वीन 2 में कंगना रनोट नजर आएंगी

**अप्रैल के आखिर तक शुरू होगी शूटिंग**

कंगना रनोट की फिल्म क्वीन के सीक्वल की तैयारी शुरू हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि कंगना और डायरेक्टर विकास बहल क्वीन 2 की शूटिंग अप्रैल के अंत तक शुरू करेंगे।

मिड डे की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि फिल्म की कहानी पहली फिल्म का सीधा सीक्वल नहीं होगी, बल्कि यह खुद को खोजने और आत्मनिर्भरता के विषयों को दिखाएगी। इस बार कंगना का किरदार रानी छोटे शहर की नहीं, बल्कि शहर में रहने वाली लड़की होगी।

कहानी में रानी एक ऐसी स्थिति का सामना करेगी, जो उसे खुद को खोजने के सफर पर ले जाएगी। फिल्म में दिखाया जाएगा कि वह अपनी पहचान, समझ और हिम्मत से जिंदगी की मुश्किलों का सामना कैसे करती है। इस बार उसका सफर उसे भारत के अलग-अलग शहरों में ले जाएगा।

**पहली फिल्म के कलाकार इस बार नजर नहीं आएंगे-** फिल्म में कंगना के अलावा पहली फिल्म के कलाकार जैसे राजकुमार राव और लीजा हेडन नजर नहीं आएंगे। बताया जा रहा है कि सपोर्टिंग रोल्स के लिए थिएटर कलाकारों को चुना गया है।

शूटिंग की शुरूआत मुंबई के एक स्टूडियो में होगी, जहां उत्तर भारतीय शहर और रानी के घर के सेट तैयार किए जाएंगे। इसके बाद टीम अन्य मेट्रो शहरों में शूटिंग करेगी। फिल्म की शूटिंग लगभग तीन महीने में पूरी की जाएगी। क्वीन (2014) को फैंटम फिल्म्स और वायकॉम18 मोशन पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया था। फैंटम फिल्म्स के 2018 में बंद होने के बाद, क्वीन 2 को विकास बहल अपने बैनर तले बना रहे हैं। वे फिल्म के राइटर भी हैं। इस फिल्म के बाद कंगना रनौत तनु वेड्स मनु 3 की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसका डायरेक्शन आनंद एल राय करेंगे।









# साउथ डायरेक्टर रंजीत की गिरफ्तारी हुई

**एक्ट्रेस ने लगाए थे शूटिंग के बीच वैनिटी में यौन उत्पीड़न के आरोप, 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया**

4 नेशनल फिल्म अवॉर्ड और 6 केरल स्टेट फिल्म अवॉर्ड जीत चुके साउथ डायरेक्टर की मंगलवार को कोच्चि से गिरफ्तारी हुई है। उन पर एक्ट्रेस ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, डायरेक्टर रंजीत की गिरफ्तारी मंगलवार देर रात थोडुपुझा पुलिस ने इडुक्की के एसपी के निर्देश पर की है। उन्हें गिरफ्तारी के बाद उदयमपेरुर पुलिस स्टेशन को सौंपा गया, जहां एक्ट्रेस ने शिकायत दर्ज करवाई है। गिरफ्तारी के बाद डायरेक्टर को एनार्कुल मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया है, जहां पूछताछ के बाद उन्हें 14 दिनों (13 अप्रैल) तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

**गिरफ्तारी के बाद डायरेक्टर ने की तबीयत बिगड़ने की शिकायत-** नवभारत टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार देर रात हुई गिरफ्तारी के बाद डायरेक्टर रंजीत ने बैचेनी की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें जांच के लिए एनार्कुलम जनरल हॉस्पिटल ले जाया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने जांच में पाया कि उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी कोई गंभीर समस्या नहीं है। फिलहाल डायरेक्टर एनार्कुलम उप-जेल में हैं।

**क्या है पूरा विवाद-** साउथ एक्ट्रेस ने हाल ही में फिल्म की क्ठउ (इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी) को यौन उत्पीड़न की शिकायत दी थी। एक्ट्रेस की शिकायत के अनुसार, डायरेक्टर रंजीत बालाकृष्णन 30 जनवरी को एक फिल्म शूटिंग के दौरान उनकी वैनिटी वैन में आए और यौन उत्पीड़न की कोशिश की। कमेटी ने ये मामला केरल पुलिस को सौंपा। इस मामले की शुरूआती जांच को पूरी तरह गोपनीय रखा गया। एक्ट्रेस का बयान भी गोपनीय तरीके से दर्ज करवाया गया था।

**डायरेक्टर के खिलाफ इस तरह की कई शिकायतें-** इस मामले से पहले भी रंजीत बालाकृष्णन के खिलाफ इस तरह की कई शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। 2024 में बंगाली एक्ट्रेस श्रीलेखा मित्रा ने उन पर गलत तरीके से छूने के आरोप लगाए थे। एक्ट्रेस ने 23 अगस्त 2024 में हेमा कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि साल 2009 में फिल्म पलेरी माणिक्यम: ओरू पाथिराकोलापाथकथिंते कथा के ऑडिशन के लिए डायरेक्टर ने उन्हें फ्लैट में बुलाया और गलत तरह छुआ।

# अनीता आडवाणी की अपील हाई कोर्ट से खारिज

## राजेश खन्ना के साथ रिश्ते को शादी मानने से इनकार, डिंपल कपाड़िया और अक्षय कुमार को मिली राहत

बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को अभिनेत्री अनीता आडवाणी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने दिवंगत एक्टर राजेश खन्ना के साथ अपने रिश्ते को शादी के रूप में मान्यता देने की मांग की थी।

जस्टिस शर्मिला देशमुख ने दिंडोशी कोर्ट के पुराने फैसले को बरकरार रखते हुए यह आदेश सुनाया। इस फैसले के साथ ही राजेश खन्ना के परिवार यानी डिंपल कपाड़िया, अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना को कानूनी राहत मिली है।

दरअसल अनीता आडवाणी ने सार्वजनिक तौर पर दावा किया था कि वह पिछले कई सालों तक एक्टर की पार्टनर रहीं थी। उन्होंने संपत्ति में हिस्सेदारी और रहने के लिए घर की मांग की थी।

दिंडोशी कोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती अनीता आडवाणी ने मुंबई के दिंडोशी की एक सिविल कोर्ट के 2017 के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की थी। उस समय दिंडोशी कोर्ट ने तकनीकी आधार पर अनीता के सिविल सूट को खारिज कर दिया था।





बुधवार को हाई कोर्ट ने अनीता के वकील और डिंपल कपाड़िया व अक्षय कुमार के वकीलों की लंबी दलीलें सुनने के बाद कहा कि पहली अपील को खारिज किया जाता है।

**2012 से चल रही है कानूनी लड़ाई-** राजेश खन्ना के निधन के बाद साल 2012 से ही अनीता आडवाणी और खन्ना परिवार के बीच कई अदालती मामले चल रहे हैं। अनीता ने दावा किया था कि वह सुपरस्टार राजेश खन्ना के साथ उनके बांद्रा स्थित बंगले 'आशीर्वाद' में लिव-इन रिलेशनशिप में थीं। उन्होंने डिंपल कपाड़िया, अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस भी दर्ज कराया था। अनीता का आरोप था कि राजेश खन्ना की मौत के बाद उन्हें बंगले से जबरन बाहर निकाल दिया गया था।

कोर्ट ने कहा था- यह रिश्ता शादी जैसा नहीं इससे पहले साल 2015 में भी बॉम्बे हाई कोर्ट ने डिंपल कपाड़िया और उनके परिवार के खिलाफ चल रही घरेलू हिंसा की कार्यवाही को रद्द कर दिया था। तब कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा था कि अनीता आडवाणी और राजेश खन्ना का रिश्ता घरेलू हिंसा कानून, 2005 के तहत शादी की प्रकृति वाला नहीं था। इसी टिप्पणी को आधार बनाकर अब उनकी शादी की मान्यता वाली अपील भी खारिज हो गई है।

बंगले 'आशीर्वाद' से शुरू हुआ विवाद राजेश खन्ना का निधन जुलाई 2012 में हुआ था। उनकी मौत के तुरंत बाद अनीता आडवाणी ने सार्वजनिक तौर पर दावा किया था कि वह पिछले कई सालों से एक्टर की साथी रही थीं। उन्होंने संपत्ति में हिस्सेदारी और रहने के लिए घर की मांग की थी। हालांकि, खन्ना परिवार ने हमेशा इन दावों को नकारा। विवादों के केंद्र में रहा बंगला 'आशीर्वाद' बाद में बेच दिया गया था, लेकिन कानूनी लड़ाई पिछले 14 सालों से जारी थी।

### अभिषेक के हैदराबाद के लिए 100 सिक्स पूरे, रहाणे का 200वां आईपीएल मैच

# ग्रीन-रघुवंशी के रनआउट से कोलकाता हारा

ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हरा दिया। ईडन गार्डन्स में कोलकाता की हार की बड़ी वजह दो अहम रनआउट रहे। पहले कैमरन ग्रीन और फिर अंगकृष रघुवंशी रनआउट हुए। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 100 आईपीएल सिक्स पूरे किए।

**रहाणे 200वां आईपीएल मैच खेलने उतरे–** कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे अपना 200वां आईपीएल मैच खेलने उतरे। वे ऐसा करने वाले 11वें प्लेयर बने। उनसे पहले एमएस धोनी, रोहित शर्मा, विराट कोहली और शिखर धवन जैसे भारतीय दिग्गज भी मैचों की डबल सेंचुरी पूरी कर चुके हैं।

**अभिषेक के हैदराबाद के लिए 100 सिक्स पूरे–** सनराइजर्स हैदराबाद के लिए डेविड वॉर्नर ने सबसे ज्यादा 143 सिक्स लगाए हैं। अभिषेक शर्मा 101 सिक्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा हेनरिक क्लासन के नाम 89, केन विलियमसन के 64 और ट्रेविस हेड के 50 सिक्स दर्ज हैं।

**रिंकू कोलकाता के लिए सबसे ज्यादा फील्ड कैच लेने वाले प्लेयर–** कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए रिंकू सिंह 41 कैच के साथ सबसे ज्यादा फील्ड कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए। उनके बाद आंद्रे रसेल 40 कैच के साथ दूसरे, सुनील नरेन 36 कैच के साथ तीसरे और मनोज तिवारी 30 कैच के साथ चौथे स्थान पर हैं।




**एलन ने पहले ओवर में 24 रन बनाए–** फिन एलन ने पहले ओवर में 24 रन बनाए। वे आईपीएल की किसी पारी के पहले ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पृथ्वी शॉ के साथ दूसरे स्थान पर हैं। पहले ओवर में सबसे ज्यादा रन 26 हैं, जो यशस्वी जायसवाल ने बनाए थे।

**शिवांग कुमार का डेब्यू–** हैदराबाद ने मध्य प्रदेश से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले लेफ्ट आर्म चाइनामैन स्पिनर शिवांग कुमार को डेब्यू कैप सौंपी।

**हेड का कैच रहाणे से छूटा–** चौथे ओवर में कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे से ट्रैविस हेड का कैच छूट गया। ओवर की पांचवीं बॉल सुनील नरेन ने गुड लेंथ पर ऑफ स्पिन फेंकी। हेड आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। रहाणे पीछे की ओर दौड़कर गेंद के नीचे आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके।

**वरुण के डाइविंग कैच से अभिषेक आउट–** 8.4 ओवर में अभिषेक शर्मा आउट हो गए। ब्लेसिंग मुजरबानी ने 112 किमी/घंटा की धीमी शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद फेंकी। अभिषेक शर्मा ने पुल शॉट खेला। बॉल डीप स्क्वेयर लेग की ओर गई। बाउंड्री पर मौजूद वरुण चक्रवर्ती तेजी से अपने दाईं ओर भागे। नीचे झुककर शानदार डाइव लगाई और कैच लपक लिया। अभिषेक अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर सके और 21 गेंदों पर 48 रन बनाकर आउट हुए।

**वैभव अरोड़ा को 2 गेंद पर 2 विकेट–** 19वें ओवर में वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने पहली गेंद पर नीतीश रेड्डी को वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच कराया। रेड्डी ने 39 रन बनाए। अगली ही गेंद पर वैभव ने सलिल अरोड़ा को भी बोल्ड कर दिया।

**क्लासन ने रिवर्स शॉट पर सिक्स लगाया–** 17.2 ओवर में हेनरिक क्लासन ने रिवर्स स्कूप पर सिक्स लगा दिया। कार्तिक त्यागी ने फुल लेंथ की गेंद डाली। क्लासन ने थर्ड मैन के ऊपर से सिक्स लगा दिया।

**वरुण ने नीतीश का कैच छोड़ा–** 18वें ओवर की आखिरी बॉल पर वरुण चक्रवर्ती ने कैच छोड़ दिया। कार्तिक त्यागी की फुल टॉस पर नीतीश ने शॉट खेला और गेंद वरुण की ओर गई, जो बाउंड्री पर खड़े थे। उन्होंने आगे दौड़कर डाइव लगाई लेकिन कैच नहीं लपक सके।

**ग्रीन-रघुवंशी रनआउट आउट हुए–** 11वें ओवर में कोलकाता ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की आखिरी गेंद पर अंगकृष रघुवंशी रन आउट हो गए। रिंकू सिंह ने कट शॉट खेलकर सिंगल के लिए दौड़ लगाई, लेकिन फिर बीच में रुक गए। तब तक रघुवंशी आधी पिच पार कर चुके थे और वापस लौट नहीं सके। ईशान मलिंगा के थ्रो पर शिवांग कुमार ने रन आउट पूरा किया। रघुवंशी 52 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले 6वें ओवर में कैमरन ग्रीन रन आउट हुए थे। अंगकृष रघुवंशी ने गेंद को सीधा खेला, जिसे गेंदबाज ने हल्का सा रोका। इसके बाद रन लेने में कन्फ्यूजन हुआ और ग्रीन आधी पिच पर फंस गए। गेंदबाज ने वापस आकर स्टंप्स पर हिट किया।

### आईपीएल में आज सीएसके-पंजाब

# आज भी धोनी के बिना उतरेगी चेन्नई



ब्रह्मास्त्र ›› जोहान्सबर्ग

आईपीएल के इस सीजन का 7वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा। चेपॉक स्टेडियम में मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। जिसका टॉस 7 बजे होगा।

पंजाब ने अपना पहला मैच गुजरात के खिलाफ जीता। वहीं चेन्नई को राजस्थान के खिलाफ हार मिली। सीएसके आज भी पूर्व कप्तान एमएस धोनी और डेवाल्ड ब्रेविस के बिना उतरेगी। दोनों इंजरी के कारण बाहर हैं।

**पिछले सीजन दोनों मैच पंजाब ने जीते–** चेन्नई और पंजाब के बीच मुकाबले हमेशा से ही रोमांचक रहे हैं। दोनों टीमें 33 बार एक-दूसरे के आमने-सामने आई हैं। इसमें सीएसके ने 17 और पंजाब ने 15 मैच जीते। जबकि एक मैच टाई रहा, जिसे सुपर ओवर में पंजाब ने जीता था। पिछले सीजन दोनों मैचों में पंजाब ने चेन्नई को हराया था। चेपॉक में दोनों टीमें 9 बार आमने-सामने हुईं, चेन्नई को 4 और पंजाब को 5 में जीत मिली। यहां पिछले तीनों मैच पंजाब ने ही जीते।

**धोनी-ब्रेविस नहीं खेलेंगे–** सीएसके के पूर्व कप्तान एमएस धोनी और डेवाल्ड ब्रेविस आईपीएल के शुरूआती मैचों से बाहर रहेंगे। ब्रेविस साइड स्ट्रेन से जूझ रहे हैं, जबकि धोनी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिहैब कर रहे हैं। दोनों खिलाड़ी पहला मैच भी नहीं खेल पाए थे। पंजाब किंग्स को ऑस्ट्रेलिया के कूपर कोनोली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। उन्होंने पिछले मैच में टीम को खराब शुरूआत से उबारकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









जंग जल्द खत्म होने की उम्मीदों के बीच

## एक हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंचा भाव



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है, जहां ब्रेंट क्रूड 15% से ज्यादा टूटकर 99.78 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखा और एमसीक्स पर क्रूड फ्यूचर्स करीब 5% गिर गए। आइए विस्तार से जानते हैं।

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड बुधवार को 15% से अधिक गिरकर 99.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जो एक सप्ताह का निचला स्तर है। इससे पहले मंगलवार रात ब्रेंट क्रूड 118.35 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी का असर अब घरेलू बाजार पर भी साफ दिखने लगा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर कच्चे तेल के अप्रैल वायदा में मंगलवार को तेज गिरावट दर्ज की गई। क्रूड ऑयल अप्रैल फ्यूचर्स 474 रुपये यानी 4.95% गिरकर 9,093 रुपये प्रति बैरल पर कारोबार करते दिखे। यह गिरावट इस बात का संकेत है कि घरेलू कीमतें फिलहाल पूरी तरह वैश्विक रुझानों का अनुसरण कर रही हैं।

**क्यों आई गिरावट–** कीमतों में यह अचानक गिरावट भू-राजनीतिक मोर्चे पर आए नए संकेतों के बाद देखने को मिली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अगले दो से तीन हफ्तों में कम हो सकता है। साथ ही, यह भी संकेत मिले कि ईरान कुछ शर्तों के तहत तनाव कम करने को तैयार हो सकता है। इन संकेतों के बाद बाजार में बने रिस्क प्रीमियम में कमी आई। जिन निवेशकों ने कीमतों में तेजी पर दांव लगाया था, उन्होंने मुनाफावसूली शुरू कर दी, जिससे कीमतों में तेज गिरावट देखने को मिली।

# एलआईसी को 3750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में सीबीआई ने दर्ज किया मामला

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

जानिए कैसे सीबीआई ने अनिल अंबानी और आरकॉम के खिलाफ एलआईसी को 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। इस वित्तीय धोखाधड़ी और बैंकिंग सेक्टर पर इसके असर से जुड़ी पूरी खबर पढ़ें।

केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने बुधवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, इसके प्रमोटर अनिल अंबानी और कुछ अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है। यह मामला भारतीय जीवन बीमा निगम को कथित तौर पर 3,750 करोड़ रुपये का गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है। यह जांच ऐसे समय में शुरू हुई है जब अनिल अंबानी पहले से ही कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ भारी धोखाधड़ी के मामलों में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं।

**क्या है एलआईसी का आरोप–** अधिकारियों के बयान के अनुसार, यह नया मामला एलआईसी की ओर से मिली शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। इसमें साजिश, धोखाधड़ी, पैसों की हेराफेरी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि आरकॉम और उसके प्रबंधन ने कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य, सुरक्षा और परिसंपत्ति कवर के बारे में झूठे दावे किए। इन भ्रामक जानकारियों के आधार पर एलआईसी को 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर खरीदने के लिए धोखे से प्रेरित किया गया।

**कानूनी कार्रवाई किस रूप में आगे बढ़ रही है–** मामले की जांच अभी प्रगति पर है। 2,929.05 करोड़ रुपये के एसबीआई धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में अनिल अंबानी से सीबीआई के दिल्ली मुख्यालय में लगातार दो दिनों तक पूछताछ की जा चुकी है। इसके अलावा, पीएनबी, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, यूको बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र सहित कई अन्य बैंकों ने भी अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई हैं। 24 फरवरी की शिकायत के आधार पर 25 फरवरी को बैंक ऑफ बड़ौदा के एक्सपोजर (जिसमें ई-देना और ई-विजया बैंक शामिल हैं) के संबंध में भी एक और मामला दर्ज किया गया है।

जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, एलआईसी और सार्वजनिक बैंकों के धन की भारी हेराफेरी के इस मामले में नई परतें खुल रही हैं। यह 3,750 करोड़ रुपये का नया एलआईसी घोटाला कॉरपोरेट ऋणों और निवेशों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आगे की सीबीआई जांच तय करेगी कि इन वित्तीय अनियमितताओं में और किन सरकारी कर्मियों की भूमिका रही है।




### फोरेंसिक ऑडिट में हुए चौंकाने वाले खुलासेः

एलआईसी की यह शिकायत बीडीओ इंडिया एलएलपी की ओर से 15 अक्तूबर, 2020 को की गई एक फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट पर आधारित है। इस रिपोर्ट में कंपनी के वित्तीय संचालन में कई गंभीर गड़बड़ियों को उजागर किया गया है।

- बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जुटाए गए धन का दुरुपयोग किया गया और सहायक कंपनियों के माध्यम से इसकी हेराफेरी की गई।
- शेल संस्थाओं और इंटर-कंपनी डिपॉजिट्स के जरिए धन को सुनियोजित तरीके से बाहर निकाला गया।
- फर्जी बिलों की छूट, फर्जी देनदारों का निर्माण और फिर उन्हें बट्टे खाते में डालने जैसे कदम उठाए गए।
- सुरक्षा परिसंपत्तियों को बहुत अधिक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया, जिससे कंपनी की संपत्ति और उन पर लगाए गए प्रभार के बीच भारी अंतर पैदा हो गया।

### बैंकिंग सेक्टर पर इस मामले का क्या असर?

इस पूरे मामले का प्रभाव केवल एलआईसी तक सीमित नहीं है, बल्कि देश का व्यापक बैंकिंग सेक्टर भी इसके दायरे में है। सीबीआई ने इससे पहले आरकॉम, अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ बैंकों से धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई 11 बैंकों के उस कंसोर्टियम का प्रमुख बैंक है, जिसने अनिल अंबानी समूह को कर्ज दिया था। 2013-17 के दौरान समूह की संस्थाओं के बीच जटिल लेन-देन के जरिए लोन फंड्स का डायवर्जन किया गया। 17 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कुल 19,694.33 करोड़ रुपये के एक्सपोजर में से अकेले एसबीआई को 2,929.05 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ था। इसी मामले में एसबीआई की शिकायत के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त, 2025 को एक एफआईआर दर्ज की थी।

एयरटेल 65 करोड़ ग्राहकों के साथ

## दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मोबाइल सेवा प्रदाता बनी




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारती एयरटेल ने जीएसएमए के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया है कि वह 65 करोड़ ग्राहक बेस के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। भारती एयरटेल ने गुरुवार को ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन (जीएसएमए) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वह 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। जीएसएमए यह एक वैश्विक व्यापारिक निकाय है जो मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटरों और मोबाइल इकोसिस्टम में मौजूद कंपनियों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। यह प्रौद्योगिकी, पॉलिसी और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए भी काम करता है। एयरटेल ने जीएसएमए इंटेलिजेंस के आंकड़ों का हवाला देकर कहा, मोबाइल ग्राहक आधार के मामले में भारती एयरटेल वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है, और इसका परिचालन भारत और अफ्रीका में फैला हुआ है। 2026 के ताजा आंकड़ों के अनुसार, दुनिया के दूरसंचार बाजार में चाइना मोबाइल अपने एक अरब से अधिक ग्राहकों के साथ पहले नंबर है। वहीं भारती एयरटेल करीब 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है। इसमें भारत के अलावा 14 अफ्रीकी देशों में भी इसकी मजबूत मौजूदगी शामिल है। दूसरी ओर रिलायंस जियो तकरीबन 50 करोड़ ग्राहकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारती एयरटेल के कार्यकारी उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल ने कहा, ...हम नवाचार, विश्वसनीयता और अनुभव के स्तर को और ऊंचा उठाने की कोशिश करेंगे ताकि ग्राहक के साथ हर बातचीत विश्वास अर्जित करने और मूल्यवान संबंध प्रदान करने का एक अवसर हो।

जीएसटी और महंगाई के मोर्चे पर क्या नया जानिए

## अप्रैल 2026 से बदल जाएगा जेब का गणित, आयकर कानून

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अप्रैल 2026 से भारत में लागू हो रहे इनकम टैक्स 2025, जीएसटी 2.0, नए बैंकिंग, एनपीएस नियमों और एलपीजी-दवाओं की कीमतों में इजाफे का पूरा सार। जानिए आर्थिक बदलावों का आपकी जेब पर क्या असर होगा।

भारत में अप्रैल 2026 से आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ा बदलाव हुआ है। छह दशक पुराने आयकर कानून की विदाई होने वाली है तो 'आयकर अधिनियम, 2025' अमल में आने वाला है। वहीं, जीएसटी 2.0 के तहत घोषित एलानों के लागू होने के बाद अब देश का वित्तीय ढांचा पूरी तरह से बदलने की ओर बढ़ रहा है। इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी के वेतन, बचत, रसोई गैस और रोजमर्रा के खर्चों पर पड़ेगा यह तय है। कर निर्धारण वर्ष 2026-27 से सरकार ने 12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त करने का एलान कर रखा है। दूसरी तरफ, पश्चिम एशिया के तनाव और नए विनियामक नियमों के कारण एलपीजी, दवाएं और कारें महंगी हो रही हैं। ऐसे में नए वित्तीय वर्ष में प्रवेश करने से पहले आम आदमी के लिए यह




समझना बेहद जरूरी है कि 31 मार्च की डेडलाइन चूकने का क्या नुकसान है और 1 अप्रैल से उनकी आर्थिक जिंदगी में क्या-क्या बदलने वाला है? आइए सबकुछ आसान भाषा में समझने की कोशिश करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन पर आपको पेनल्टी और वित्तीय नुकसान से बचने के लिए ये काम 31 मार्च तक पूरे करने होंगेः

**टैक्स सेविंग और निवेशः** धारा 80सी और 80डी के तहत टैक्स छूट पाने के लिए पीपीएफ, ईएलएसएस, और जीवन बीमा में निवेश 31 मार्च से पहले कर लें, अन्यथा इसका लाभ चालू वित्त वर्ष में नहीं मिलेगा।

**खातों को सक्रिय रखनाः** पीपीएफ, एनपीएस और सुकन्या समृद्धि योजना को निष्क्रिय होने और पेनल्टी से बचाने के लिए न्यूनतम अनिवार्य राशि जमा करना आवश्यक है।

**अपडेटेड रिटनः** वित्तीय वर्ष 2020-21 (आकलन वर्ष 2021-22) के लिए अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की आखिरी समय-सीमा 31 मार्च है।

**विदेशी आय वालों के लिएः** एनआरआई को विदेशी कर क्रेडिट का दावा करने के लिए 'फॉर्म 67' इसी दिन तक जमा करना होगा, अन्यथा दोहरे कराधान का सामना करना पड़ सकता है।

**अप्रैल से लागू आयकर अधिनियम 2025 से क्या-क्या बदला?**

पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को 'आयकर अधिनियम 2025' से बदल दिया गया है। अब 'असेसमेंट ईयर' और 'प्रीवियस ईयर' का झंझट खत्म कर इसे सिर्फ 'टैक्स ईयर 2026-27' कहा जाएगा।

**नई टैक्स व्यवस्थाः** 12 लाख रुपये तक की शुद्ध वार्षिक आय वालों की टैक्स देनदारी शून्य कर दी गई है। इसके साथ ही वेतनभोगियों के लिए 75,000 रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन जारी रहेगा।

**पुरानी व्यवस्था में भारी छूटः** बच्चों की शिक्षा भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रति माह और हॉस्टल भत्ता 300 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये कर दिया गया है। पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद और अहमदाबाद को भी एचआरए के लिए टियर-1 (50% छूट) में शामिल कर लिया गया है।

**निवेश पर टैक्सः** अब सेकेंडरी मार्केट से खरीदे गए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर मैच्योरिटी के समय कैपिटल गेन टैक्स लगेगा। फ्यूचर्स और ऑप्शंस ट्रेडिंग पर एसटीटी बढ़ा दिया गया है, और कंपनियों के शेयर बायबैक पर शेयरधारकों को टैक्स देना होगा।

आपूर्ति संकट के बावजूद

## किसानों को तय दाम पर मिलेंगे यूरिया-डीएपी, देश में उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अधिकारियों के अनुसार, अमोनिया, सल्फर और सल्फ्यूरिक एसिड जैसे जरूरी कच्चे माल की लागत बढ़ने और गैस आपूर्ति प्रभावित होने से देश में यूरिया उत्पादन में अस्थायी गिरावट आई।

केंद्र सरकार ने भरोसा दिलाया है कि आगामी खरीफ सीजन से पहले देश में यूरिया और डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। सरकार के मुताबिक, 45 किलो यूरिया की बोरी 266 रुपये और 50 किलो की डीएपी बोरी 1,350 रुपये में मिल रही है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते वैश्विक बाजार में उर्वरकों और उनके कच्चे माल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे घरेलू उत्पादन पर असर पड़ा है।

अधिकारियों के अनुसार, अमोनिया, सल्फर और सल्फ्यूरिक एसिड जैसे जरूरी कच्चे माल की लागत बढ़ने और गैस आपूर्ति प्रभावित होने से देश में यूरिया उत्पादन में अस्थायी गिरावट आई। शुरूआती दौर में उत्पादन करीब 30,000 से 35,000 टन प्रतिदिन तक घट गया था, लेकिन स्थिति अब धीरे-धीरे सुधर रही है। गैस आपूर्ति बढ़कर करीब 80 फीसदी तक पहुंच गई है, जिससे उत्पादन में सुधार की उम्मीद है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, फिलहाल देश में कुल खाद का स्टॉक करीब 180 लाख मीट्रिक टन है, जो पिछले साल के 147 लाख टन के मुकाबले काफी अधिक है। वहीं, आगामी खरीफ सीजन के लिए कुल मांग 390 लाख टन आंकी गई है, जबकि पिछले साल बिक्री 361 लाख टन रही थी। सप्लाई को बनाए रखने के लिए सरकार रूस, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, जॉर्डन, कनाडा, अल्जीरिया, मिस्त्र और टोगो जैसे देशों से वैकल्पिक स्त्रोत विकसित कर रही है, ताकि आयात पर निर्भरता कम की जा सके। देश में खाद की उपलब्धता को लेकर सरकार ने बड़ा अपडेट दिया है।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास गर्मी की फसलों के लिए पर्याप्त उर्वरक भंडार मौजूद है और सप्लाई को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों से भी खरीद की जा रही है।

## केरल के तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट ने 5 घंटे उड़ानें रोकीं, रनवे से गुजरता है पैंकुनी अरट्टू जुलूस



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ान सेवाएं लगभग 5 घंटे के लिए रोक दी गईं, ताकि यहां बने श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के पवित्र 'पैंकुनी अरट्टू' जुलूस को रास्ता दिया जा सके। उड़ान सेवाएं शाम लगभग 4:45 बजे रोकी गईं और जुलूस के मंदिर लौटने के बाद रात 9 बजे फिर से शुरू हो गईं। दशकों से, हवाई अड्डा हर साल दो बार अपना कामकाज रोकता है और उड़ानों का समय बदलता है, ताकि मंदिर का यह सदियों पुराना और साल में दो बार होने वाला पारंपरिक जुलूस रनवे से होकर गुजर सके। मंदिर से लेकर हवाई अड्डे के टरमैक (रनवे क्षेत्र) से होते हुए शंकुमुखम समुद्र तट तक यह जुलूस निकला।

## फ्लाइट में 60% सीटें मुफ्त देने के फैसले पर रोक, सरकार ने 15 दिन में फैसला बदला

केंद्र सरकार ने एयरलाइंस को फ्लाइट में 60% सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के चुनने देने वाले निर्देश को अस्थायी रूप से रोक दिया है। न्यूज एजेंसी ढ्ळक ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह नियम 20 अप्रैल से लागू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 15 दिन पहले 18 मार्च को कहा था कि डीजीसीए को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी फ्लाइट में सीट चयन के लिए न्यूनतम 60% सीटें बिना चार्ज उपलब्ध कराई जाएं। इसका उद्देश्य यात्रियों को सीट चुनने में समान अवसर देना बताया गया था।

### पर्यटन व्यवसायियों की बढ़ीं मुश्किलें

# चारधाम यात्रा 2026 पर युद्ध का साया, रजिस्ट्रेशन में गिरावटः बुकिंग लेने से कतरा रहे ट्रैवल ऑपरेटर्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली चारधाम यात्रा पर इस बार वैश्विक तनाव और युद्ध के हालात का गहरा साया मंडरा रहा है। यात्रा शुरू होने से पहले ही बुकिंग में आई गिरावट ने पर्यटन कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है।


पिछले साल यात्रा के शुरूआती 26 दिनों में ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी और पंजीकरण का आंकड़ा 17 लाख के पार पहुंच गया था। इस साल स्थिति उलट है; अब तक केवल 11,07,841 श्रद्धालुओं ने ही पंजीकरण कराया है।

19 अप्रैल से शुरू होने वाली यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन में आई यह गिरावट पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए खतरे की घंटी मानी जा रही है।

अधिकांश ट्रैवल ऑपरेटर्स ने फिलहाल एडवांस बुकिंग लेने से साफ इनकार कर दिया है। पर्यटन व्यवसायी दीपक बिष्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर युद्ध के हालात को देखते हुए ईंधन (डीजल-पेट्रोल) की कीमतों में अचानक उछाल की आशंका बनी हुई है।

यदि हम आज के रेट पर बुकिंग ले लेते हैं और यात्रा शुरू होने तक ईंधन महंगा हो जाता है, तो हमें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। होटल संचालकों का कहना है कि जैसे ही कपाट खुलने की तिथि घोषित हुई थी, बुकिंग में तेजी आई थी। लेकिन, ईरान-अमेरिका युद्ध की खबरों के चलते वे बुकिंग भी अब 'होल्ड' पर चली गई हैं और नई बुकिंग मिलनी लगभग बंद हो गई है।

गौरतलब है कि 2025 में भी भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव का असर चारधाम यात्रा पर पड़ा था, और अब इस साल ईरान-अमेरिका के बीच जारी संघर्ष ने यात्रा शुरू होने से पहले ही संकट के बादल खड़े कर दिए हैं।




## मप्र-राजस्थान और हरियाणा में बारिश, दिल्ली में धूलभरी आंधी चली

देश के कई राज्यों में अगले तीन दिन मौसम बदला रहेगा। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं कर्नाटक और तमिलनाडु में आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है।

दिल्ली में शुक्रवार सुबह धूलभरी आंधी चली। इससे कई हिस्सों में विजिबिलिटी कम हो गई। वहीं मध्य प्रदेश के 15 जिलों में गुरुवार को बारिश हुई। सीहोर में ह्यपंचायतह्व वेब सीरीज की शूटिंग रोकनी पड़ी। जबकि मऊगंज में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई।

राजस्थान के सभी जिलों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। श्रीगंगानगर में गुरुवार को तेज बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं हरियाणा के हिसार, सिरसा और फतेहाबाद में भी बारिश हुई।

## उत्तराखंड के 6 जिलों में बारिश की संभावना, 5 के लिए यलो अलर्ट,



उत्तराखंड के 6 जिलों में आज बारिश की संभावना जताई गई है। इनमें देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, इन इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कहीं-कहीं गर्जना और बिजली चमकने की संभावना है। वहीं 3500 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी भी हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अन्य पर्वतीय जिलों और हरिद्वार में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार हैं। हालांकि ऊधम सिंह नगर जिले में मौसम शुष्क बना रह सकता है।

इस बीच मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना है। हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक रह सकती है, जो झोंकों में बढ़कर 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इसके अलावा, प्रदेश के अन्य जिलों में भी कहीं-कहीं गरज-चमक और तेज हवाओं का असर देखने को मिल सकता है।

### लोकसभा की सीटें 543 से 816 की जा सकती हैं; बजट सत्र का 3 दिन का सेशन

# महिला आरक्षण पर संसद में 16 अप्रैल से चर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र 13 दिन के ब्रेक के बाद 16 अप्रैल से फिर शुरू होगा। ताकि लोकसभा सीटों की संख्या 816 करने से संबंधित विधेयकों को पारित किया जा सके और महिलाओं के आरक्षण कानून को जल्द से जल्द लागू किया जा सके।

सरकार ने यह फैसला गुरुवार को लिया। 16, 17 और 18 अप्रैल को सदन में महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। प्रस्तावित 50% की बढ़ोतरी के साथ सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिसमें से 273 (करीब एक तिहाई) सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

सरकार ने 2023 में संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पेश किया था। उसी दौरान इस बिल को आधिकारिक रूप से ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्व कहा गया। 20 सितंबर 2023ः लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियमह्व पास होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने महिला सांसदों के साथ फोटो खिंचवाई थी।



20 सितंबर 2023ः लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियमह्व पास होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने महिला सांसदों के साथ फोटो खिंचवाई थी।

सरकारी कैलेंडर के अनुसार, सदन को गुरुवार (2 अप्रैल) को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया जाना था। बजट सत्र में कामकाज दो फेज में हुआ। पहला फेज- 31 जनवरी से 13 फरवरी और दूसरा फेज 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक तय था।

2023 में महिला आरक्षण कानून संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। इसके तहत महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होना है। अब सरकार का प्रस्ताव है कि नई जनगणना का इंतजार करने की बजाय 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन किया जाए। इससे प्रोसेस तय समय पर पूरी हो सकेगी और आरक्षण लागू किया जा सकेगा।

### 2 बिल लाए जाएंगे, एससी और एसटी कोटा होगा

दो बिलः एक बिल के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन होगा, जबकि दूसरा परिसीमन कानून में बदलाव से जुड़ा होगा। इसे पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है।

आरक्षणः प्रस्ताव के मुताबिक 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। आरक्षण का ढांचा ऐसा होगा, जिसमें एससी और एसटी वर्ग की महिलाओं को उनके कोटे के भीतर हिस्सा मिलेगा। ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान फिलहाल शामिल नहीं है। इसी फॉर्मूले पर राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाने और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की योजना है, ताकि पूरे देश में एक जैसा ढांचा रहे। कांग्रेस से चर्चा बाकीः गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों इसके लिए विपक्ष के कई नेताओं के साथ बैठकें कीं। इनमें वाईएसआर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी), आरजेडी और एआईएमआईएम के नेता शामिल रहे। बीजेडी और शिवसेना (यूबीटी) से भी बातचीत हुई। महिला आरक्षण बिल कानून नहीं बनाः महिला आरक्षण कानून 2023 में संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसकी मंजूरी दे चुकी हैं। लोकसभा में यह बिल लगभग सर्वसम्मति से और राज्यसभा में सर्वसम्मति से पास हुआ था।

## पश्चिम बंगाल में 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर बंधक, सुप्रीम कोर्ट नाराजः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में रक्क्रसे जुड़े 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बंधक बनाए जाने की घटना पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- उन्हें नौ घंटे बंधक बनाकर रखा। खाना-पानी तक नहीं मिला। यह घटना सोची-समझी और भड़काऊ लगती है। हमें पता है उपद्रवी कौन हैं, इनका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना है।

सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ढह गई है। बेंच ने राज्य के गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से उनकी निष्क्रियता पर जवाब मांगा। उप्प्र ज्ञानेश कुमार ने मामले की जांच ठक्ब को सौंप दी। ठक्ब टीम शुक्रवार को पश्चिम बंगाल पहुंचेगी।

दरअसल, 7 न्यायिक अधिकारी बुधवार को मालदा के बीडीओ ऑफिस पहुंचे थे। इनमें तीन महिलाएं थीं। तभी वोटर लिस्ट में नाम कटने के विरोध में हजारों लोगों ने ऑफिस को घेर लिया। मालदा में लगातार दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। गुरुवार को नारायणपुर स्थित इत्र्स्न कैंप के सामने भीड़ इकठ्ठा हो गई। लोगों ने नेशनल हाईवे-12 को जाम कर दिया। सड़क पर टायरों में आग लगा दी गई। प्रदर्शनकारियों ने ऑफिस का घेराव कर लिया। सभी 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बाहर निकलने नहीं दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि वे अधिकारियों के सामने अपनी बात रखना चाहते हैं। जिससे इनकार कर दिया गया। कई घंटों तक चले हंगामे के बाद प्रदर्शनकारी जब नहीं हटे तो पुलिस की मदद लेनी पड़ी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- मैं कहूंगा तो इजराइल युद्ध रोक देगा:

# ईरान बोला- दुश्मनों के सरेंडर करने तक जंग जारी रहेगी; होर्मुज पर यूएन में आज वोटिंग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

ट्रम्प ने कहा है कि अगर वह ईरान के खिलाफ चल रहे युद्ध को खत्म करने का फैसला लेते हैं, तो इजराइल भी उनके कहने पर तुरंत हमला रोक देगा। उन्होंने टाइम मैगजीन से बातचीत में कहा

वे वही करेंगे जो मैं कहूंगा। वे अच्छे सहयोगी रहे हैं। जब मैं रुकूंगा, तो वे भी रुक जाएंगे। अगर उन्हें उकसाया नहीं गया, तो वे जरूर रुकेंगे।

टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू के पास ट्रम्प के समर्थन के बिना ज्यादा विकल्प नहीं हैं। दूसरी ओर ईरान की सेना ने साफ कहा है कि यह युद्ध तब तक जारी रहेगा, जब तक उसके दुश्मन सरेंडर नहीं करते। वहीं, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) में आज यानी शुक्रवार को बहरीन के प्रस्ताव पर वोटिंग होनी है। इस प्रस्ताव में देशों को होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित के जरूरी सभी कदम उठाने की अनुमति देने की बात कही गई है।

बहरीन के विदेश मंत्री ने कहा कि इसका मकसद दुनिया के बाजार को सुरक्षित रखना और सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक में रुकावट को रोकना है।

ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए गुरुवार को एक ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए।

बैठक में विक्रम मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक होर्मुज संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे। भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है। भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिए रास्ता निकालें।


अमेरिकी सेना बोली- पुल पर हमला ड्रोन सामग्री की सप्लाई रोकने के लिए किया अमेरिका के अधिकारियों ने कहा है कि ईरान में जिस पुल पर हमला किया गया, उसका मकसद ड्रोन बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की आवाजाही को रोकना था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ईरान को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि ईरान अगर अमेरिका के 15 बिंदुओं वाले प्रस्ताव को नहीं मानता, तो अमेरिका ईरान के अंदर अपने सैन्य हमले और तेज कर देगा।

यह फैसला विवादों में भी है, क्योंकि ईरान का कहना है कि यह एक नागरिक पुल था और इसे नष्ट करना युद्ध अपराध है। वहीं अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि इस पुल का इस्तेमाल ईरानी सेना के लिए ड्रोन बनाने की सामग्री ले जाने में किया जा रहा था।

### होर्मुज में ओमान के जहाज तय रास्ते से हटकर गुजर रहे

होर्मुज स्ट्रेट में ओमान के तीन जहाज ईरान के तय किए गए कॉरिडोर के बाहर से गुजरते नजर आए हैं। यह जानकारी शिपिंग जर्नल लॉयड्स लिस्ट ने ट्रैकिंग डेटा के आधार पर दी है।

इस काफिले में दो बड़े तेल टैंकर और एक छठक्ष (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) ले जाने वाला जहाज शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, ये जहाज ओमान के तट के काफी करीब से गुजर रहे हैं। अगर ये जहाज सफलतापूर्वक स्ट्रेट पार कर लेते हैं, तो यह लगभग तीन हफ्तों में पहली बार होगा जब कोई ट्रैक किए जा रहे जहाज (जिनका ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम यानी अक्र



चालू है) ईरान के तय रास्ते का इस्तेमाल किए बिना इस रास्ते से बाहर निकलेगा। ईरान की राजधानी तेहरान को कराज शहर से जोड़ने वाले इ1 हाईवे ब्रिज पर गुरुवार को अमेरिका ने हवाई हमला किया। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स के मुताबिक इस हमले में कई लोग घायल हुए। यह पुल इसी साल शुरू हुआ था और इसे मिडिल ईस्ट का सबसे ऊंचा पुल माना जाता है। करीब 1050 मीटर लंबे और 136 मीटर ऊंचे इस पुल को बनाने में लगभग 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,800 करोड़) खर्च हुए थे।

## भारत बोला- हम अकेले जिसने होर्मुज में नाविक खोए:इस संकट का समाधान बातचीत से ही संभव




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक बड़ी ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। बैठक में विक्रम मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक होर्मुज संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे। भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है। भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिए रास्ता निकालें। इससे पहले ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड (क्रक्रह्र) ने कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट उनके कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा। यह रास्ता तभी खुलेगा जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा। ट्रम्प ने आगे कहा कि ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नौसेना खत्म हो गई है। सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। इस सैन्य अभियान का अहम मकसद पूरा होने वाला है। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका, ईरान को स्टोन एज, यानी पाषाण काल में भेज देगा। हालांकि उन्होंने यह दावा भी किया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और नई लीडरशिप पहले से कम कट्टर है।

# ट्रम्प ने अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को पद से हटाया, एपस्टीन फाइलें ठीक नहीं संभालने का आरोप



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने देश की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को उनके पद से हटा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कि यह फैसला जेफ्री एपस्टीन केस से जुड़ी फाइलों को संभालने के तरीके को लेकर लिया गया। ट्रम्प प्रशासन को लगा कि एपस्टीन मामले की जांच और उससे जुड़े दस्तावेजों को ठीक से हैंडल नहीं किया गया। इसी वजह से ट्रम्प नाराज थे और उन्होंने सख्त कदम उठाते हुए बॉन्डी को पद से हटा दिया। जेफ्री एपस्टीन न्यूयॉर्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बोले-फ्रांसीसी राष्ट्रपति पत्नी के थप्पड़ से उबर रहे, वाइफ का उनसे बर्ताव खराब


### मैक्रों का जवाब- अमेरिकी राष्ट्रपति गंभीर हो जाएं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्रिसबेन**

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बार फिर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर उनकी पत्नी को लेकर तंज कसा है। ट्रम्प ने कहा कि मैक्रों अब भी जबड़े पर पड़े थप्पड़ से उबर रहे हैं। उनकी पत्नी उनके साथ बहुत खराब व्यवहार करती हैं।

ट्रम्प ने मैक्रों पर यह टिप्पणी बुधवार को एक प्राइवेट लंच के दौरान की। ट्रम्प का यह वीडियो कुछ समय के लिए व्हाइट हाउस के यूट्यूब चैनल पर दिखा, लेकिन बाद में हटा दिया गया।

मैक्रों पिछले साल 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई



इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी उन्हें थप्पड़ मारती दिखी थीं। ट्रम्प ने यह टिप्पणी उसी घटना को जोड़कर की थी। हालांकि, मैक्रों ने उस वीडियो को लेकर सफाई देते हुए कहा था कि मीडिया ने गलत अंदाजा लगाया था।

### मैक्रों का जवाब- ट्रम्प को गंभीर होने की जरूरत

ट्रम्प के मजाक के कुछ घंटों बाद मैक्रों ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, हमें गंभीर रहना चाहिए। एक दिन कुछ और, अगले दिन कुछ और नहीं कहना चाहिए। बेहतर है कि हर दिन बयान देने के बजाय हालात को शांत करें और स्थायी शांति पर ध्यान दें। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों पत्नी के साथ पिछले साल अगस्त में अमेरिका दौरे पर पहुंचे थे।

## मैक्रों से 24 साल बड़ी हैं उनकी पत्नी ब्रिगिट

साल 1992 में जब इमैनुएल मैक्रों 15 साल के थे, उनकी मुलाकात ब्रिगिट ट्रोन्यू से हुई थी। ब्रिगिट तब 39 साल की थीं और उत्तरी फ्रांस के अमिएंस में ला प्रोविडेंस हाई स्कूल में फ्रेंच और ड्रामा की टीचर थीं। इमैनुएल उस स्कूल में पढ़ते थे। ब्रिगिट की बेटी मैक्रों की क्लासमेट थी। दोनों अच्छे दोस्त थे और अक्सर साथ दिखाई देते थे। ऐसे में कई लोग दोनों को गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड समझते थे। लेकिन मैक्रों को उनकी क्लासमेट नहीं बल्कि उसकी टीचर मां पसंद थीं। इमैनुएल स्कूल के ड्रामा क्लब में शामिल हुए, जहां ब्रिगिट ड्रामा सिखाती थीं। दोनों ने एक साथ एक नाटक पर काम किया, जिसमें इमैनुएल ने स्क्रिप्ट लिखने में मदद की। यहीं से उनकी नजदीकी शुरू हुई।

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

### बाएं से दाएं

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

### ऊपर से नीचे

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन-2
8. वहम, संदेह-2
10. जरूरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना-5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुक्सान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरूर, खुमार-2
22. ओहदा-2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | ह | की | ■ | प | की | ला | ■ |
| मा | ला | ■ | र | ■ | र | ■ | ता | ख |
| प | ■ | ■ | ब | र | छ | न | ■ | ला |
| ला | प | क | ■ | न | ■ | म | न | न |
| ■ | ■ | र | भी | ■ | तं | की | ■ | ■ |
| घू | र | ता | ■ | आ | ■ | न | ज | र |
| से | ■ | न | ह | कर | म | ■ | ■ | की |
| ला | ख | ■ | ख | ■ | ह | ■ | र | थ |
| ■ | र | वा | ज | ■ | क | ल | प | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 11 | | 55 | | 35 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 22 | | 50 | | 30 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 10 | | 2 | | 5 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 10 | | 4 | | 4 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 35 | | 33 | | 14 | | 21 | = | 27 / 37 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | म | मा | गौ | त | म | बु | द्ध | गु | क | वि |
| हा | हा | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | को | ज |
| त्मा | थी | रा | द | अं | त | त | र | मो | ल | अ |
| गां | र | दा | भा | ल | क | वा | दा | ह | व | र |
| धी | ख्या | न | व | प्र | म | हे | र | म्मा | सी | विं |
| दि | मी | य | रा | जि | ता | क | प | द | गु | दो |
| बे | ह | बु | भां | या | म | प | टे | र | ठ | धो |
| ठी | पू | सु | ल्ता | ब | पं. | सौ | ल | ट | बा | ब |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | ने | ने | जे. | न | र |
| सि | ल | च | त | र | ट | क | ह | न | क | थ |
| या | अ | क | ब | र | बा | इ | र | रू | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 4 | | 3 | |
| 2 | 28 | | 33 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| | 31 | 2 | 31 | | 30 | 6 |
| | 1 | | 4 | | 5 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ईरान जंग में ट्रम्प अपने मकसद से कितने दूर, पहले ही दिन खामेनेई की हत्या, मिसाइल इंडस्ट्री तबाह की,

**अमेरिका और इजराइल ने मिलकर 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया। इसके कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने 8 मिनट का वीडियो जारी करके जंग के टारगेट बताए। उन्होंने कहा कि उनका मकसद अमेरिकी लोगों की रक्षा करना और ईरान से आने वाले खतरों को खत्म करना है। अब ट्रम्प के बताए टारगेट्स के मुताबिक समझते हैं कि अमेरिका को जंग में अब तक कितनी कामयाबी मिली है। उसे क्या हासिल हुआ है और क्या अब भी अधूरा है।**





अमेरिका और इजराइल का अहम मकसद था कि ईरान की मिसाइल ताकत को कमजोर कर दिया जाए, ताकि वह दूर तक हमला न कर सके। इसके लिए दोनों देशों ने बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च करने वाले ठिकाने (लॉन्चर), मिसाइल बनाने वाली फैक्ट्रियों, मिसाइल स्टोर करने के गोदाम और कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पर हमले किए।

इन हमलों से ईरान की मिसाइल क्षमता को काफी नुकसान हुआ है। कई लॉन्चर और फैक्ट्रियां नष्ट हो चुकी हैं। इससे उसकी नई मिसाइल बनाने की रफ्तार धीमी पड़ी है। लेकिन अभी भी ईरान के पास काफी मिसाइलें बची हुई हैं और वह हमले कर रहा है।

ईरान ने अपनी मिसाइलें अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखी हैं। कई ठिकाने जमीन के नीचे (अंडरग्राउंड) हैं, जिन्हें पूरी तरह नष्ट करना मुश्किल है। कुछ मोबाइल लॉन्चर होते हैं, जिन्हें जल्दी-जल्दी जगह बदलकर इस्तेमाल किया जा सकता है। ईरान अब सिर्फ मिसाइलों पर निर्भर नहीं है, बल्कि बड़ी संख्या में ड्रोन (मानवरहित विमान) का भी इस्तेमाल कर रहा है।



अमेरिका और इजराइल का टारगेट था कि ईरान की नौसेना को कमजोर या लगभग खत्म कर दिया जाए, ताकि वह समुद्र के रास्ते कोई बड़ा हमला या बाधा न डाल सके। इसके लिए युद्धपोत, पनडुब्बियां, नौसैनिक ठिकाने और बंदरगाह और हथियार और मिसाइल ले जाने वाले जहाजों को निशाना बनाया गया। मार्च की शुरूआत में अमेरिकी पनडुब्बी ने टॉरपीडो दागकर श्रीलंका के पास मौजूद ईरानी वॉरशिप क्क्र डेना को डुबो दिया। इस जहाज पर करीब 180 लोग सवार थे। रिपोर्ट के मुताबिक, कम से कम 80 लोगों की मौत हुई। यह हमला इसलिए अहम था क्योंकि यह जहाज लंबी दूरी तक ऑपरेशन करने में सक्षम था और हाल ही में भारत के साथ एक नौसैनिक अभ्यास में भी शामिल हुआ था। इन हमलों से ईरान के कई बड़े जहाज और संसाधन नष्ट हो गए। समुद्र में उसकी ताकत पहले से कमजोर हो गई। लंबी दूरी पर ऑपरेशन करने की क्षमता घट गई। हालांकि वह अब भी समुद्र में खतरा पैदा करने की क्षमता रखता है।

**अमेरिका और इजराइल चाहते थे कि ईरान जिन हथियारबंद ग्रुप्स को समर्थन देता है, उन्हें कमजोर कर दिया जाए। ये ग्रुप्स अलग-अलग देशों में ईरान के लिए काम करते हैं और जरूरत पड़ने पर हमले भी करते हैं। इसलिए इन्हें ह्यप्रॉक्सीह्न ताकत कहा जाता है।**




जंग के दौरान इन्हें निशाना बनाया गया। इजराइल ने खास तौर पर लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले किए। कई कमांडरों और लड़ाकों को मार गिराया। इससे इनकी ताकत कमजोर हुई, लेकिन उनका असर पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अमेरिका के लिए असल चुनौती यह है कि ये मिलिशिया किसी एक देश या एक जगह तक सीमित नहीं हैं। इराक, लेबनान, सीरिया और यमन जैसे देशों के अलग-अलग इलाकों में इनके नेटवर्क फैले हुए हैं। इनके पास स्थानीय सपोर्ट भी होता है और अपनी अलग व्यवस्था भी होती है। ऊपर से ईरान इनकी मदद करता रहता है, जिससे ये जल्दी संभल जाते हैं। इसी वजह से, हमलों के बावजूद ये पूरी तरह खत्म नहीं हुए। इराक में अब भी कुछ गुट अमेरिकी ठिकानों पर रॉकेट से हमले कर रहे हैं। हिज्बुल्लाह पर लगातार हमले हुए हैं, लेकिन वह अब भी एक मजबूत ताकत बना हुआ है और पूरी तरह खत्म नहीं हुआ।

अमेरिका का सबसे बड़ा मकसद यह था कि ईरान किसी भी हालत में परमाणु हथियार न बना सके। ट्रम्प बार-बार कह चुके हैं कि ईरान के पास कभी परमाणु बम नहीं होना चाहिए। अमेरिका ने पिछले साल ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ। फिर भी अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि कुछ समृद्ध यूरेनियम अब भी मौजूद है। यह यूरेनियम जमीन के नीचे गहरी सुरंगों या बंकर जैसे ठिकानों में छिपा हो सकता है, जहां तक हवाई हमलों का असर पूरी तरह नहीं होता। अगर इन्हें पूरी तरह नष्ट करना हो, तो जमीन पर सेना भेजनी पड़ सकती है, जो बेहद जोखिम भरा कदम होगा और जंग को और बड़ा बना सकता है।

## ईरान में सत्ता परिवर्तन

ट्रम्प ने ईरान की जनता से सरकार के खिलाफ उठने की अपील भी की थी। लेकिन अभी तक ऐसा कोई बड़ा जन आंदोलन नहीं हुआ है। हालांकि ट्रम्प का दावा है कि उन्होंने रेजीम चेंज यानी सत्ता परिवर्तन कर दिया है, क्योंकि हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और कई बड़े अधिकारी मारे गए। लेकिन जमीन पर अलग स्थिति दिखाई देती है। अब नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई बने हैं, जो सख्त रुख वाले माने जाते हैं और सेना के ताकतवर हिस्से के करीब हैं। कुल मिलाकर, ईरान की सरकार अब भी पहले जैसी ही है। ईरान की सरकार अब भी धार्मिक और कड़े नियंत्रण वाली है। अमेरिका के खिलाफ उसका रुख भी पहले जैसा ही है।



ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका ने बड़े पैमाने पर टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इसे अमेरिकी हथियारों के जखीरे का अहम हथियार माना जाता है।

**वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक चार हफ्तों में 850 से ज्यादा मिसाइलें दागी गईं। अनुमान है कि अमेरिकी नौसेना के पास लगभग 4,000 टॉमहॉक मिसाइलें थीं।**

अगर यह सही है तो टॉमहॉक मिसाइलों का करीब एक चौथाई हिस्सा खत्म हो चुका है।

■ वर्ष-12 अंक-149 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 03 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

षड्दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।
निद्रा, तन्द्रा, भयं, क्रोधो आलस्यं, दीर्घसूत्रता।।

**भावार्थ** : जीवन में सुख की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को इन छह दोषों को छोड़ देना चाहिए: नींद, नींद, भय, क्रोध, आलस्य, देर से काम करना।

**मूर्खस्य पञ्च चिह्नानि गर्वो दुर्वचनं तथा।**
**क्रोधश्च दृढवादश्च परवाक्येष्वनादरः।।**

**भावार्थ** : मूर्ख के पांच लक्षण हैं अभिमान, दुष्ट बात, क्रोध, जिद्दी तर्क और दूसरों के प्रति सम्मान की कमी।

## सम्पादकीयम्

### भोजनालयेषु च गैस-आपूर्तिषु

पाकवायुः विषये चिन्ता पूर्वमेव प्रसारितुं आरब्धा अस्ति। प्रमुखेषु महानगरेषु-दिल्ली, मुम्बई, लखनऊ इत्यादिषु होटेलेषु, भोजनालयेषु च गैस-आपूर्तिषु व्यत्ययस्य सूचना अस्ति। अनेकस्थानेषु वाणिज्यिक-एलपीजी-वितरणं स्थगितम् इति कथ्यते। तथापि पेट्रोलियम-प्राकृतिक-गैस-मन्त्रालयेन स्पष्टीकृतं यत् गृहेषु घरेलु-गैस-आपूर्तिः यथासाधारणं निरन्तरं वर्तते, आतङ्कस्य आवश्यकता नास्ति इति। परीक्षणस्य एकः समयः : घरेलुएलपीजी-उत्पादनं २५% वर्धयितुं सर्वकारेण निर्देशाः जारीकृताः। तदतिरिक्तं रूसदेशात् ३० मिलियन बैरल् कच्चे तैलस्य क्रयणं कृतम् अस्ति। होर्मुज्-जलसन्धिः सम्प्रति दुर्गमः इति दृष्ट्वा वैकल्पिकमार्गेण तैलस्य आयातः क्रियते। एते सर्वे उपायाः तैलस्य, गैसस्य च आपूर्तिः अबाधितप्रवाहः सुनिश्चित्य कार्यान्विताः सन्ति। परन्तु यत् परिमाणं यावत विग्रहः वर्धितः तत् दृष्ट्वा तस्य प्रतिकूलता एकस्मिन् रूपे वा अन्यस्मिन् वा अनुभूयते इति अपि स्वीकारणीयम् भारतसदृशानां राष्ट्रानां कृते-ये स्वस्य पेट्रोलियम-आवश्यकतानां विशाल-बहुमतं आयातयन्ति-एतत् परीक्षणस्य महत्त्वपूर्णं क्षणं प्रतिनिधियति। आत्मनिर्भरतायाः प्रति : संकटस्य क्षणाः प्रायः बहुमूल्यं पाठं स्वैः सह आनयन्ति। अतः भारतस्य कृते किं पाठः? प्रधानमन्त्री आत्मनिर्भरतायाः विषये उक्तवान्। भारतस्य आवश्यकताः, आन्तरिक-उत्पादन-क्षमता च दृष्ट्वा तैले-गैस-क्षेत्रे पूर्णतया स्वावलम्बनं प्राप्तुं कठिनं भवितुम् अर्हति।

11 केवी लाइन् इत्यत्र कार्यं कुर्वन् बहिः स्थापितः

# कर्मचारी विद्युत्प्रहारेन मृतः सुरक्षाप्रमादस्य विषये उत्थापिताः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

विद्युत्विभागस्य एकः आउटसोर्सड् कर्मचारी आधिकारिककार्यं कुर्वन् दुःखददुर्घटने विद्युत्प्रहारेन मृतः। नगरस्य शाहनला-तिलवारा-मार्गक्षेत्रे एषा घटना अभवत्, यत्र विद्युत्रेखाविस्तारस्य कार्यं प्रचलति स्म। दुर्घटनायाः अनन्तरं सम्पूर्णः विभागः अशान्तिं कृतवान्, सुरक्षाप्रोटोकॉलसम्बद्धाः गम्भीराः प्रश्नाः च उत्थापिताः।

समाचारानुसारं पूर्वक्षेत्रविद्युत्वितरणकम्पन्योः अधिकारक्षेत्रे जबलपुरनगरवृत्तस्य दक्षिणविभागे नवीनविद्युत्रेखाविस्थापनसम्बद्धं कार्यं प्रचलति स्म एतत् कार्यं निजीठेकेदारस्य माध्यमेन क्रियमाणम् आसीत्। अस्मिन् कार्यकाले मुकेश मरावी-४० वर्षीयः आउटसोर्सड् कर्मचारी-११ केवी-विद्युत्रेखायां कार्यं कर्तुं उपयोगिता-स्तम्भे आरुह्य आसीत्।

प्रत्यक्षदर्शिनां मते कार्यं प्रचलति स्म तदा रेखायाः माध्यमेन अचानकं विद्युत् उच्छ्रितः, मुकेश मरावी च धारायां गृहीतः। विद्युत्प्रहारः एतावत् तीव्रः आसीत् यत् सः फसन् लम्बमानः अवशिष्टः, केवलं स्तम्भे संलग्नेन सुरक्षाहारेन एव आश्रितः भूमौ उपस्थितेषु अन्येषु कर्मचारिषु आतङ्कः उत्पन्नः, तस्य उद्धाराय तत्कालं प्रयत्नाः अपि आरब्धाः।

परिस्थितेः गम्भीरं स्वरूपं दृष्ट्वा जेसीबी-यन्त्रं स्थले आहूतम्। जेसीबी इत्यस्य साहाय्येन कर्मचारीं स्तम्भात् अवतारयित्वा तत्क्षणमेव चिकित्सालयं प्रेषितः। सः चिकित्सायाम् चिकित्साचिकित्सालये नीतः, तत्र वैद्याः परीक्षायाः अनन्तरं मृतः इति घोषितवन्तः। अस्याः घटनायाः अनन्तरं मृतस्य परिवारजनानां सहकारिणां च मध्ये शोकस्य, आक्रोशस्य च वातावरणं प्रचलति।

दुर्घटनायाः अनन्तरं कर्मचारीसङ्घैः विद्युत्विभागस्य परिचालनप्रक्रियाणां सुरक्षाप्रोटोकॉलस्य च विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। मध्यप्रदेशस्य आउटसोर्सड् कर्मचारीसङ्घस्य प्रान्तीयमहासचिवः हरेन्द्रश्रीवास्तवः अस्याः घटनायाः प्रत्यक्षं प्रमादस्य परिणामः इति उक्तवान्। ते प्रश्नं कुर्वन्ति यत् ११ केवी रेखायाः विद्युत्प्रदायः कथं सहसा पुनः स्थापिता यदा तस्मिन् कार्यं कर्तुं पूर्वमेव सम्यक अनुज्ञापत्रं प्राप्तम् आसीत्।

संघस्य आरोपः अस्ति यत् एषा घटना तान्त्रिकदोषस्य अथवा समन्वयस्य अभावस्य परिणामः भवितुम् अर्हति। यदि रेखा ऊर्जायुक्ता एव तिष्ठति स्म-अथवा ऊर्जायुक्ता अभवत्-अनुज्ञापत्रस्य निर्गतस्य अनन्तरम् अपि, तर्हि तत् स्थूलप्रमादं भवति, यत् अन्ततः एकस्य श्रमिकस्य जीवनं व्यययति अस्याः घटनायाः कारणात् विभागीयजवाबदेही, निरीक्षणतन्त्राणां च विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति।

अद्य अपराह्ने मुख्यडाकघरं

## च-सिविल लाइन्स् क्षेत्रे स्थितं-विस्फोटितं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

अद्य अपराह्ने मुख्यडाकघरं पासपोर्टकार्यालयं च-सिविल लाइन्स् क्षेत्रे स्थितं-विस्फोटितं भविष्यति इति धमकीकृतं ईमेल-पत्रं प्राप्तस्य अनन्तरं आतङ्कः उत्पन्नः। धमकीम् अनुसृत्य सम्पूर्णं परिसरं उच्चसजगतायां स्थापितं। सूचनां प्राप्य पुलिस-अधिकारिणः बम्ब-दलः च तत्क्षणमेव घटनास्थलं गतवन्तः।

अद्य रात्रौ १२:१५ वादनस्य समीपे डाकघरस्य अधीक्षकस्य ईमेल प्राप्तम् यस्मिन् अल्पकाले एव कार्यालयं विस्फोटयितुं धमकी आसीत्। अस्य धमकीसन्देशस्य वार्ता कर्मचारिणां समीपं प्राप्तमात्रेण सम्पूर्णे भवने आतङ्कः प्रसृतः; अनेकाः कर्मचारीः स्वकार्यं त्यक्त्वा परिसरं अपि निष्कासितवन्तः। अधिकारिणः तत्क्षणमेव पुलिस-अधिकारिणः नियन्त्रण-कक्षं च आगच्छन्तं ईमेल-विषये सचेष्टयन्ति स्म। तदनन्तरं बम्बदलः पुलिसाधिकारिणः च स्थले एव आगत्य मुख्यडाकघरस्य, पार्सलखण्डस्य, पासपोर्टकार्यालयस्य च सर्वेषु विभागेषु प्रायः एकघण्टापर्यन्तं गहनं अन्वेषणकार्यक्रमं कृतवन्तः

परन्तु अन्वेषणकाले कोऽपि शङ्कितः वस्तु न आविष्कृतः। फलतः धमकी भ्रमः इति गण्यते स्म। समाचाराः सूचयन्ति यत् धमकीकृते ईमेलमध्ये मध्यप्रदेशस्य अन्येषु क्षेत्रेषु पासपोर्टकार्यालयानाम् अपि लक्ष्यीकरणस्य उल्लेखः कृतः, येन सुरक्षासंस्थाः स्वस्य सतर्कतां अधिकं वर्धयितुं प्रेरिताः। एकघण्टापर्यन्तं अन्वेषणं कृत्वा विस्फोटकं न प्राप्तं ततः परं सर्वे-दण्डात् आरभ्य अधिकारिणः यावत्-निःश्वासं गृहीतवन्तः। इदानीं पुलिस-अधिकारिणः ईमेल-प्रेषकस्य अन्वेषणार्थं अन्वेषणं प्रारब्धवन्तः।

## अस्पताले प्रवेशस्य अनुशंसा करोति, परिवारः नकारयति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नरसिंहपुर

महानगरी एक्स्प्रेस्- मुम्बईतः वाराणसीं प्रति गच्छन्त्याः रेलयाने गच्छन्ती महिला अचानकं प्रसवग्रस्ता अभवत्। ३० वर्षीयः तरुणनिशा स्वपरिवारेण सह मुम्बईतः काशी (वाराणसी)नगरं गच्छति स्म। प्रसववेदनायाः आरम्भस्य विषये सूचनां प्राप्य नरसिंहपुरनगरस्य वाणिज्यविभागाय सूचितम्। यदा रेलयानं नरसिंहपुरस्थानकं प्राप्तवती तदा रेलवैद्यः डॉ. आर.आर.कुर्रे इत्यनेन तत्क्षणमेव महिलायात्रिकायाः परीक्षणं कृत्वा प्राथमिकचिकित्सा कृता महिलायाः स्थितिं आकलनं कुर्वन् डॉ. कुर्रे इत्यनेन नरसिंहपुरजिल्लाचिकित्सालये प्रवेशः करणीयः इति सल्लाहः दत्तः। परन्तु सा महिला तस्याः परिवारजनैः सह वैद्यस्य उपदेशं न आश्रित्य। ते स्वस्य जोखिमेन यात्रां निरन्तरं कर्तुं लिखितसहमतिं दत्तवन्तः।

## राशिफल

**मेष** : ऑफिस में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे समय पर पूरा करना फायदेमंद रहेगा।

**वृषभ** : कार्यस्थल पर किसी की बात से मन प्रभावित हो सकता है, लेकिन ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है।

**मिथुन** :ऑफिस में आपकी मेहनत पर ध्यान दिया जा सकता है। धन से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**कर्क** : ऑफिस में धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। परिवार में किसी बात को लेकर चिंता हो सकती है।

**सिंह** : ऑफिस में आपके प्रयासों की सराहना हो सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार दिखेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कन्या** : जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। खर्च पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। परिवार के साथ बातचीत से स्थिति बेहतर होगी।

**तुला** : ऑफिस में माहौल सहयोगी रहेगा। पैसों के मामले में स्थिति बेहतर हो सकती है। परिवार में तालमेल बना रहेगा।

**वृश्चिक** : आर्थिक मामलों में समझदारी जरूरी है। परिवार में किसी बात को लेकर चर्चा हो सकती है।

**धनु** : परिवार का सहयोग मिलेगा। किसी पुराने काम को पूरा करने का मौका मिल सकता है। सेहत सामान्य रहेगी।

**मकर** : परिवार में किसी बात पर मतभेद हो सकता है, लेकिन समझदारी से हल निकल सकता है।

**कुंभ** : ऑफिस में नई संभावनाएं बनेंगी। आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है। परिवार और दोस्तों का साथ मिलेगा।

**मीन** : आर्थिक मामलों में सावधानी जरूरी है। परिवार में सामान्य माहौल रहेगा। खुद को शांत रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 30 वर्षों बाद मीन राशि में चार प्रमुख ग्रहों की युति, इन राशियों की बढ़ सकती है मुश्किलें

30 वर्षों बाद मीन राशि में चार प्रमुख ग्रहों की युति, इन राशियों की बढ़ सकती है मुश्किलें

अप्रैल माह में चार प्रमुख ग्रहों का चतुर्ग्रही योग बन रहा है। 30 साल बाद सूर्य, शनि, मंगल और बुध ग्रहों की युति होने वाली है जिससे कुछ राशि वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

अप्रैल का महीना ग्रहों की चाल के हिसाब से बहुत ही खास रहने वाला होगा। इस माह करीब 30 वर्षों के बाद एक साथ 4 ग्रहों की युति मीन राशि में बनने वाली है। जिसे ज्योतिष में बहुत ही दुर्लभ संयोग माना जाता है। 2 अप्रैल को मीन राशि में ग्रहों के सेनापति मंगल का गोचर हुआ। मंगल के मीन राशि में गोचर करने के बाद सूर्य, बुध और शनि भी मीन राशि में गोचर कर लिया। आपको बता दें 30 वर्षों पहले शनि, मंगल, सूर्य और बुध की युति मीन



राशि में बनने को दिखाई दी थी। आइए जानते हैं मीन राशि में चार प्रमुख ग्रहों की युति से किन-किन राशि वालों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना उठाना पड़ सकता है।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए अप्रैल महीने के आने वाले कुछ दिन बहुत ही संभलकर चलना होगा। मेष राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती चल रही है और मंगलदेव आपकी राशि के स्वामी होकर आपके 12वें भाव में गोचर करेंगे। ऐसे में आपको इस दौरान निवेश संबंधी योजना में संभलकर चलना होगा। पारिवारिक जीवन में तनाव देखने को मिल सकता है। इसी के साथ आपकी कुछ योजनाएं अटक सकती हैं।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए मीन राशि में मंगल, सूर्य, शनि और बुध की युति का प्रभाव नकारात्मक रूप से पड़ेगा। आपकी राशि के ऊपर सभी ग्रहों की सप्तम दृष्टि पड़ेगी जिससे आपके पारिवारिक जीवन और रिश्तों के मामलों में संभलकर लेना होगा। जो लोग किसी तरह का व्यापार आदि करने की योजना बना रहे हैं उनको थोड़ा संभलकर रहना होगा। नया काम शुरू करने से बचें।

**तुला राशि-** तुला राशि वालों को अप्रैल महीने के कुछ दिन थोड़ा संभलकर चलना होगा क्योंकि तुला राशि के जातकों पर मंगल की दृष्टि पडेगी। इस दौरान आपको लापरवाही करने से बचना होगा। करियर-कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। लेन-देन के मामलों में आपको बचकर चलना होगा।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए चार प्रमुख ग्रहों का एक साथ बैठना बहुत अच्छा नहीं रहेगा। आपके ऊपर शनि की साढ़ेसाती का दूसरा चरण चल रहा है। ऐसे में आपको धन के मामले में थोड़ा संभलकर रहना होगा। नौकरीपेशा जातकों के स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। इसके अलावा जो लोग बेरोजगार हैं उनको नई नौकरी के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

## खबर एक नजर...

### पेट्रोल पंप मैनेजर से युवक के साथ केबिन में की मारपीट

**उज्जैन।** देवासरोड ऋषिनगर स्थित पेट्रोल पंप पर बुधवार-गुरूवार रात मैनेजर गोपाल सोनी ने पंप पर पार्ट टाईम काम करने वाले पवन कुमावत को केबिन में बुलाकर हिसाब में चंद रुपए कम आने पर बुरी तरह मारपीट की। पवन के साथ मारपीट होती देख अन्य कर्मचारी विशाल योगी केबिन में पहुंचा और बीच-बचाव किया। पवन ने आने साथ हुई मारपीट की शिकायत माधवनगर थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पवन के अनुसार वह श्यामगढ़ मंदसौर का रहने वाला है। उज्जैन में किराये से रहकर पॉलिटेक्निक कॉलेज में अध्ययन कर रहा हे। पढ़ाई के साथ रूपयों की जरूरत होने पर पंप पर पार्ट टाईम काम करता है। हिसाब में 10-20 रुपए का ही अंतर था। बावजूद उसे बुरी तरह से मारा गया है।

### जिले की सीमा से घूमता मिला निष्कासित बदमाश

**उज्जैन।** अपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाश को जनवरी माह में भाटपलाना थाना क्षेत्र से जिले के साथ समीपवर्ती जिले धार, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, देवास और आगर मालवा की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित किया गया था। लेकिन बुधवार-गुरूवार रात बदमाश मुख्तियार उर्फ मुक्का पिता अब्बास पटेल निवासी ग्राम माधोपुरा उज्जैन-धार की सीमा सुन्दराबाद फंटे पर घूम रहा था। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्र चौधरी को निष्कासित बदमाश के जिले की सीमा में होने की खबर मिली तो टीम के साथ दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी चौधरी के अनुसार बदमाश के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लघंन करने पर म. प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 में प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है। बदमाश के खिलाफ पूर्व में भी 6 संगीन मामले दर्ज है।

### बंदियों के लिये पाऊच ले जाते पकड़ाया जेल प्रहरी

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ के प्रहरी नरेन्द्र चौधरी को चैकिंग के दौरान पकड़ा गया है। उसके पास से अंडरवियर में छुपाकर रखे गये रजनीगंधा के जर्दा पाऊच मिलने पर जेल अधीक्षक मनोज साहू ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा और विभागीय जांच शुरू की। जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में ड्युटी के लिये प्रवेश से पहले सभी की नियमित चैकिंग की जाती है। इसी दौरान प्रहरी को पकड़ा गया। पूछताछ में जर्दा पाऊच को लेकर सही जवाब नहीं दे पा रहा था। विदित हो कि पूर्व में भी कई जेल प्रहरियों को पकड़ा गया है, जो अनाधिकृत तरीके से मादक पदार्थ, बीड़ी, सिगरेट के साथ मोबाइल और अन्य सामग्री ले जाते हुए पाये गये थे। जिनके खिलाफ विभागीय जांच के साथ निलंबित करने की कार्रवाई तक की जा चुकी है।

### पारिवारिक विवाद में जहर खाने वाली महिला की मौत

**उज्जैन।** पारिवारिक विवाद होने पर गुरूवार सुबह ग्राम सुहागपुर राघवी की रहने वाली पवनबाई पति तूफानसिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन महिदपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। पवनबाई की उज्जैन पहुंचने पर मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि पवनबाई 3 बच्चों की मां थी। एक अन्य मामले में पानबिहार ग्राम भीलखेड़ा में रहने वाले अनिल पिता हेमराज मालवीय 25 साल ने बुधवार शाम जहरीला पदार्थ खाया था। जिसकी उपचार के दौरान गुरूवार को मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अनिल की 3 साल पहले शादी हो चुकी थी। एक माह से पत्नी मायके शंकरगढ़ में रह रही है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 678-1 | 150-6 |
| मेन बाजार | 140-5 | 359-7 |
| मिलन डे | 346-3 | 239-4 |
| मिलन नाइट | 357-5 | 156-2 |

2 3 4

### चंद घंटों में खुलासा, 1 हिरासत में 2 की तलाश, आगररोड शराब दुकान से पहले

# लिफ्ट मांगने के विवाद में हुई थी युवक की हत्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चाकू मारकर बुधवार-गुरूवार रात की गई युवक की हत्या लिफ्ट मांगने पर हुए विवाद में होना सामने आया है। मृतक ने आरोपी को लिफ्ट नहीं देने पर थप्पड़ मार दिया था। पुलिस ने चंद घंटों में मामले का खुलासा करते हुए 1 आरोपी को हिरासत में ले लिया है। 2 की तलाश जारी है।

चिमनगंज थाना पुलिस को गुरूवार सुबह खबर मिली थी कि आगररोड शराब दुकान से पहले एक युवक की लाश पड़ी है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। मामला हत्या का सामने आया, मृतक की जांघ और पैर पर चाकू के घाव थे। मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये गये, उसी दौरान कुछ ऑटो चालकों ने बताया कि मृतक बेगमबाग कालोनी का रहने वाला आरिफ उर्फ भूरू पिता अब्दुल गफ्फार है। पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया, भाई सिकंदर



ने घटनास्थल पहुंचकर शिनाख्त की और बताया कि रात 9 बजे घर से निकला था, रातभर घर नहीं लौटा था। शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर थाना प्रभारी ने एसआई लक्ष्मण उईके, लिबिन खेस, प्रधान आरक्षक महेश बैस, मनोज कटारिया, आरक्षक आनंद मिश्रा, संदीप, सुनील, दीपक और सैनिक चंदन की टीम गठित कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। चार घंटे बाद पता चला कि आरोपियों में मोनू उर्फ दीपांशु पिता नारायण बुंदेला 22 साल शिवशक्तिनगर, लक्की पिता पिता हेमू 22 साल और रेहान पिता रफीक मंसूरी 20 साल निवासी गांधीनगर शामिल है। टीम द्वारा तीनों के घरों पर दबिश दी गई लेकिन फरार होना सामने आये। पुलिस ने मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया। शाम होने से पहले पता चला कि मोनू उर्फ दीपांशु देवासरोड की ओर भाग रहा है। टीम ने पीछा किया और नागझिरी से उसे हिरासत में ले लिया। उसके दोनों साथी देर रात तक गिरफ्त में नहीं आ पाये थे। जिनकी तलाश जारी है।

#### मोनू बोला युवक ने मारा था थप्पड़

हिरासत में आये आरोपी मोनू से पूछताछ में सामने आया कि घटना रात डेढ़ से दो बजे के बीच की है। वह रेहान और लक्की के साथ बाइक से लौट रहा था। तभी रास्ते में युवक ने लिफ्ट मांगी। उन्होने लिफ्ट देने से मना किया तो युवक ने रेहान को थप्पड़ मार दिया। जिसको लेकर विवाद हुआ और रेहान ने चाकू से हमला कर दिया। रात का समय होने पर भीड़भाड़ कम थी, वह उसे घायल हालत में छोड़कर भाग निकले थे। पुलिस ने मोनू के हिरासत में आने पर उससे बाइक भी बरामद की है। चाकू रेहान और लक्की के गिरफ्त में आने पर बरामद किया जायेगा।

#### लोगों ने समझा रास्ते में पड़ा है शराबी

घटनास्थल से कुछ दूरी पर शराब की दुकान है। आये दिन रात में यहां नशा अधिक होने पर सड़क किनारे और आसपास कई लोग पड़े रहे है। रात में हुई घटना के बाद सुबह तक कई लोग वाहनों से गुजरे, लेकिन लोगों ने समझा कि कोई शराबी पड़ा है। सुबह कुछ पैदल गुजरे लोगों ने खून फैला देखा तो हत्या की जानकारी सामने आई। बताया जा रहा है कि रात में हुई घटना के बाद भुरू ने खुद का बचाने के लिये दौड़ भी लगाई थी, जिसके चलते आसपास खून भी हुआ था। जांच के लिये घटनास्थल पर एफएसएल की टीम भी पहुंची थी।

## 18 दिन बाद मिला चोरी हुआ आभूषणों से भरा पर्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

छत्तीसगढ़ के परिवार को आभूषण और मोबाइल से भरा पर्स 19 दिन बाद मिल गया। पुलिस ने पर्स परिवार को लौटा दिया है। चोरी करने वालों की तलाश जारी है।

घट्टिया थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने छोटा चम्मच हरिओम रेस्टोरेंट से 13 मार्च को छत्तीसगढ़ के लुनावत परिवार का लेडिस पर्स अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया था। पर्स में सोने की अंगूठी, ब्रेसलेट, आईफोन के साथ अन्य सामान रखा था। जिसकी कीमत 9 लाख रुपए थी। मामले की शिकायत शाश्वत लुनावत ने दर्ज कराते हुए पर्स अपनी पत्नी प्रतिभा का बताया था। पुलिस ने मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 18 दिन बाद पुलिस ने उक्त पर्स बरामद कर लिया। लेकिन चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्त में नहीं आ सका। पुलिस ने पर्स मिलने पर परिवार से संपर्क किया, बुधवार रात परिवार के वापस आने पर आभूषणों से भरा पर्स लौट दिया गया। बताया जा रहा है कि लुनावत परिवार छत्तीसगढ़ में फार्मा कंपनी संचालित करता है। वह परिवार के साथ झालावाड़ शादी समारोह में जाने के लिये निकला था। छोटा चम्मच रेस्टोरेंट पर नाश्ता करने रूक था, उसी दौरान प्रतिभा लुनावत ने अपना पर्स टेबल पर रखा था, नजर चूकने पर पर्स चोरी हो गया था।

#### चोरी में सांसी गिरोह का बदमाश

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लुनावत परिवार की महिला का पर्स सांसी गिरोह के बदमाश ने चोरी किया था। जो राजगढ़ के बोड़ा का रहने वाला था। बदमाश की पहचान होने पर पुलिस राजगढ़ तक पहुंची थी, बताया जा रहा है कि पुलिस उक्त बदमाश के मूवमेंट पर लगातार नजर रखे हुई थी। बदमाश फरार हो गया था लेकिन पर्स मिल गया था।

## लापता युवक की क्षिप्रा नदी से मिली लाश

### प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की आशंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षिप्रा नदी से गुरूवार सुबह एक युवक की लाश मिलना सामने आया। युवक बुधवार से लापता था, उसके पास मिले मोबाइल से पहचान हुई। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा और आत्महत्या का सामने आया है।

महाकाल थाना एएसआई बलराम जाट ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने सूचना देकर बताया कि क्षिप्रा नदी सिद्ध आश्रम के सामने पेंट टीशर्ट पहने एक युवक की लाश पानी में डूबी दिखाई दे रही है। पुलिस मौके पर पहुंचती उससे पहले होमगार्ड जवानों और तैराक दल के सदस्यों ने शव को बाहर निकाल लिया था। मृतक के पास मोबाइल मिला, जो वाटरप्रूफ था, उससे कुछ देर में रिंग बजने लगी। जिसे रिसिव करते ही पहचान हो गई। मृतक जयसिंहपुरा का रहने वाला लोकेश उर्फ पप्पू पिता कैलाश राव 28 साल था। परिजनों के



आने पर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि लोकेश मजदूरी करता था और बुधवार दोपहर से लापता था। उसका एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, शादी की बात भी हुई थी, लेकिन युवती ने बाद मे मना कर दिया था। संभवतः इसी के चलते लोकेश ने आत्महत्या की है। परिवार उसे कल से तलाश कर रहा था। एएसआई के अनुसार प्रथमद्दष्टता डूबने से मौत होना सामने आया है। जिस तरह कपड़ों में लाश मिली है, उससे मामला आत्महत्या का है। परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

### हिरासत में एक युवक से पूछताछ, 2 की जल्द होगी गिरफ्तारी

# म्युल अकाउंट में सामने आया 67.64 लाख का ट्रांजेक्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सायबर फ्रॉड, मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध गतिविधियों में उपयोग होने वाले खातों पर पुलिस की नजर बनी हुई है। ऐसा ही म्युल अकाउंट सामने आने पर पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर एक युवक को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है। 2 की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि वरूचि मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा में महानंदानगर के रहने वाले छायेश सेन का नाम से म्युल आकाउंट होने की जानकारी सामने



आया था। जिसमें 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक 67.64 लाख से अधिक का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। मामले की जांच करने पर पता चला कि उक्त आकाउंट को दानू उर्फ अरमान और राहुल कुमार मालवीय द्वारा संचालित किया जा रहा था। छायेश ने अपनी चैक बुक, एटीएम भी दोनों को दे रखा था। मामले में अनाधिकृत तरीके से हुए ट्रांजेक्शन के मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 और आईटी एक्ट की धारा 66 डी का प्रकरण दर्ज किया गया। छायेश को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

**लोन लेने के लिये दिये थे दस्तावेज-** बताया जा रहा है कि पुलिस हिरासत में आये छायेश सेन ने वीडियोग्राफी का काम करता है। प्रारंभिक पूछताछ में उसका कहना था कि उसे लोन की जरूरत थी। ट्रेन में 2 व्यक्ति मिले थे, जिन्होने इंदौर का रहने वाला बताया था। उन्होने लोन दिलाने की बात कहीं थी। उसकी सिविल खराब थी, जिसके चलते उनकी बातों में आ गया था। उन्होने अकाउंट खुलवाने के लिये दस्तावेज लिये थे। लेकिन उसे लोन नहीं दिलाया गया, दस्तावेज भी नहीं लौटाये गये। लेकिन छायेश की बातों पर पुलिस को यकीन नहीं हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि उसने अपना खाता किराये पर दिया था। फिलहाल पता लगाया जा रहा है कि अकाउंट में इतनी राशि कैसे और कहां से आई थी। जिसमें से अधिकांश निकाली भी गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com